दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

■ मूल्य : 1.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

वर्ष : 10 अंक : 164 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 09 जुलाई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162



## शिविरों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सपना हो रहा साकार

# दीन दयाल उपाध्याय संबल शिविर राजस्थान में जनता की विकास यात्रा का एक नया अध्याय



### उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को गति के लिए कर रहे कार्यः भजनलाल

जयपुर टाइम्स

**चूरू/ जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण को समर्पित है और इसी भावना के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा व महिला इन चारों जातियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और हम संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को गति मिलेगी। शर्मा ने मंगलवार को चूरू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चूरू अपनी अनूठी स्थापत्य कला और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। साथ ही, तालछापर अभयारण्य के काले हिरण और प्रवासी पक्षियों का कलरव प्रकृति प्रेमियों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। यहां की कलात्मक हवेलियां, भित्तिचित्र और अन्य ऐतिहासिक धरोहर चूरू के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास से रूबरू कराती हैं।

### आमजन को एक ही स्थान पर मिल रहा विभिन्न योजनाओं का लाभ

शर्मा ने कहा कि इन शिविरों में रास्तों से अतिक्रमण हटाने, भूमि के स्वामित्व मिलने जैसे बरसों से लंबित काम पूरे हो रहे हैं। साथ ही, शिविरों के माध्यम से पंडित



दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत 10 हजार गांवों में बीपीएल परिवारों का सर्वे कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को पौध वितरण, मृदा नमूनों के संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, पशुपालकों को मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी इन शिविरों में किए जा रहे हैं।

### महिला, युवा, किसान व गरीब के उत्थान के लिए हो रहा काम

शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार को गरीब के हित से कोई सरोकार नहीं था जबकि हम गरीब को गणेश मानकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। किसानों को हमारी सरकार गोपाल क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। वहीं, महिलाओं को लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, मा वाउचर सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है। युवाओं को हम पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां देंगे। उन्होंने कहा कि हमने शेखावाटी में यमुना जल लाने के लिए यमुना जल समझौते के लिए हरियाणा सरकार के साथ मिलकर टास्क फोर्स गठित की है।

### हमारे डेढ साल के कार्य पूर्ववर्ती सरकार के पूरे कार्यकाल से ज्यादा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने केवल डेढ साल में ही प्रदेश के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं जोकि पूर्ववर्ती सरकार के पूरे 5 साल से भी ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ साल में ही विद्युत उत्पादन क्षमता में 4 हजार 270 मेगावाट की बढ़ोतरी की जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने पूरे पांच साल में केवल 3 हजार 948 मेगावाट की बढ़ोतरी दर्ज की। इसी तरह, हमने डेढ़ साल में किसानों को 253 लाख मीटर से अधिक तारबंदी के लिए अनुदान दिया और 32 हजार से अधिक फार्म पौंड बनवाए हैं। जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में केवल 113 लाख मीटर तारबंदी के लिए अनुदान दिया और केवल 29 हजार पौंड बनवाए। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ साल में 55 पशु चिकित्सालयों का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन हुआ और पूर्ववर्ती सरकार ने पूरे कार्यकाल में केवल 49 का ही क्रमोन्नयन किया।





### गरीब कल्याण की योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का हो रहा उत्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। उनकी ओर से शुरू की गई गरीब कल्याण की योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का उत्थान हो रहा है। साथ ही, उनके कुशल मार्गदर्शन में देश में अभूतपूर्व विकास कार्य के साथ- साथ आतंकवाद- नक्सलवाद का खात्मा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुसार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास की अवधारणा पर राज्य सरकार कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है।

### चूरू जिले का हो रहा समग्र विकास

शर्मा ने कहा कि चूरू जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए हमारी सरकार ने बजट में 834 करोड़ रुपये का प्रावधान किया और चूरू विधानसभा में 300 करोड़ रुपये के काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये से रिंग रोड वाया तारानगर वाया बालेरी से सरदारशहर वाया रतनगढ़ वाया देपलसर से एनएच-52 बाइपास सड़क निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, 20 करोड़ रुपए से चूरू-जयपुर रोड ओवरब्रिज की मरम्मत की जा रही है। सिरसला रेलवे लाइन पर अंडरब्रिज, रामनगर तिराहा और ओम कॉलोनी में आरयूबी, चूरू शहर में एलीवेटेड रोड बनाने का काम भी किया जा रहा है।

### हैलीपेड पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने की अगवानी

जोड़ी पहुंचने पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने अगवानी करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, वासुदेव चावला आदि भी मौजूद रहे।

### लोकार्पण और शिलान्यास

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चूरू में 3 करोड़ 62 लाख रुपये से बने मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह और 11 करोड़ 76 लाख रुपये से निर्मित 200 बेड क्षमता वाले अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया। शर्मा ने 7 करोड़ 50 लाख रुपये से चूरू में कृषि महाविद्यालय खांसोली का शिलान्यास भी किया। सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यमुना जल समझौते के माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र की प्यास बुझाने की दिशा में प्रभावी और ठोस कदम उठाया है। बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ने राजस्थान को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा सिर्फ एक पखवाड़ा नहीं है बल्कि राजस्थान की जनता की विकास यात्रा का एक नया अध्याय है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ममता (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना), गिरधारी सिंह (तारबंदी), कुम्भाराम (प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण), गोमती (प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना), गोपीराम, प्रताप सिंह (विभाजन रिकॉर्ड) को प्रमाण-पत्र व चैक वितरण और भामाशाहों का सम्मान भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का अवलोकन किया और कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजनांतर्गत छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी। साथ ही मुख्यमंत्री ने समारोह परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोड़ी के परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन किया और रक्तदाताओं से मिलकर उनके नेक कार्य के लिए सराहना भी की। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की प्रदेश सरकार गरीब, युवा, किसान व महिलाओं की तकलीफों को समझती है। हमारी सरकार प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने यमुना जल समझौते के माध्यम से वर्षों की आस को पूरा किया है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चूरू को बड़ी सौगात दी है। चूरू में कृषि महाविद्यालय की स्थापना कृषि क्षेत्र को सुगम करने का सराहनीय प्रयास है। वर्तमान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों का आयोजन कर आमजन को राहत प्रदान की है। आमजन के वर्षों से लंबित काम हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, पैरालिंपिक कमेटी आफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, पराक्रम सिंह राठौड़, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, सुमित्रा पूनिया, पंकज गुप्ता, चंद्राराम गुरी, अभिषेक चोटिया, सीताराम लुगरिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## देश की आत्मा सनातन संस्कृति में रची-बसी हैः सतीश पूनिया



### पूनियां ने संतों से लिया आशीर्वाद

जयपुर टाइम्स

**चंडीगढ़।** भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी व राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने सोमवार को चंडीगढ़ में हरियाणा प्रवास के दौरान देश के ख्यातिप्राप्त संतों से भेंट की। इस अवसर पर डॉ. पूनियां ने श्री श्री 1008 निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी बालकनंद महाराज और महामंडलेश्वर स्वामी रवींद्रपुरी महाराज सहित अन्य संतों से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बैठक में सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार, सामाजिक समरसता व आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण पर विस्तृत विमर्श हुआ। डॉ. पूनियां ने कहा कि देश की आत्मा सनातन संस्कृति में रची-बसी है और इसके संरक्षण में संत समाज की भूमिका सर्वोपरि रही है। उन्होंने पूज्य संतजनों से मार्गदर्शन लेते हुए कहा कि उनके विचार और आशीर्वाद समाज को नई ऊर्जा देने वाले हैं। संतों ने भी डॉ. पूनियां के सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें धर्म और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर सतत अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया। यह आत्मीय भेंट न केवल आध्यात्मिक सान्निध्य का प्रतीक बनी, बल्कि समाज को एकजुट कर धर्म और संस्कृति की रक्षा का संकल्प भी मजबूत हुआ।

## विकास कार्यों में शिथिलता स्वीकार्य नहींः उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित अजमेर ज़ोन की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि बजट 2024-25 की घोषणाओं को शीघ्र पूरा किया जाए और बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं पर निविदा प्रक्रिया तत्काल पूरी कर कार्य प्रारंभ करवाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में अजमेर ज़ोन के अंतर्गत आने वाले अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, डीडवाना और ब्यावर जिलों की सड़कों और भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान यदि कहीं सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं, तो अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर तुरंत मरम्मत कार्य करवाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी के कार्यों की प्रगति की निगरानी के लिए हर सप्ताह जोनवार समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। बैठक में एनएचएआई, राष्ट्रीय राजमार्ग, राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी, पेचेबल, नॉन-पेचेबल व मिसिंग लिंक जैसी विभिन्न श्रेणियों की सड़क परियोजनाओं के साथ भवन निर्माण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर एसीएस पीडब्ल्यूडी प्रवीण गुप्ता, पीडब्ल्यूडी सचिव डी.आर. मेघवाल, मुख्य अभियंता टी.सी. गुप्ता सहित मुख्यालय व संबंधित जिलों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का निधन, अंत्येष्टि में शामिल हुए सीएम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को जोधपुर में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव की अंत्येष्टि में शामिल हुए और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने जोधपुर में मोक्षधाम पहुंच कर दाऊलाल वैष्णव की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन किए और पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने और इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। दाऊलाल वैष्णव की अंतिम यात्रा में पाली सांसद पीपी चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, जालौर- सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, विधानसभा के



मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक अतुल भंसाली, भैराराम सियोल सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन भी शामिल हुए।

## 'जादूगर' का यू टर्नः भजनलाल हमें करते हैं सूट, पांच साल राज करे तो अच्छा रहेगाः गहलोत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान की सियासत में एक बार फिर अशोक गहलोत का बयान चर्चा में है। जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार पर निशाना साधने की बजाय, उन्हें 'सूटेबल' करार दिया। गहलोत ने कहा कि ''अभी डेढ़ साल हुआ है, पांच साल राज करो। आपको कौन रोक रहा है? हमको तो आप सूट करते हो। पंडित भजनलाल हम सबको सूट करता है, हम क्यों इनकी खिलाफत करेंगे? हम चाहेंगे कि ये पूरे पांच साल चलें.। गहलोत ने आगे यह भी खुलासा किया कि उनकी मुख्यमंत्री भजनलाल से दो बार मुलाकात हुई है, इसलिए मुझे हमदर्दी भी बनती है। उन्होंने कहा कि'वो मेरे पास आए थे, बात भी हुई थी। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं 20



साल से राजस्थान में घूम रहा हूं और अच्छा अनुभव है, अच्छा काम करूंगा। इस दौरान अशोक गहलोत ने बजरी खनन के मुद्दे कहा कि उनके कार्यकाल में भी इस मसले पर दिक्कतें थीं, लेकिन अवैध खनन रोकने की उन्होंने पूरी कोशिश की थी।

# सर्पदंश एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ समस्या, साफ - सफाई बनाए रखे, झाड़ फूक के चक्कर मे ना आए

## सर्पदंश से महिला की मौत



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** टहला थाना क्षेत्र के ग्राम नाडु में 23 वर्षीय महिला कमलेश उर्फ काली की सर्पदंश से मौत हो गयी टहला थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला घर पर ही सो रही थी महिला को सर्प ने काट लिया जिस पर परिजन टहला सीएचसी से लेकर गए जहाँ से राजगढ़ रैफर कर दिया जहाँ महिला की मौत हो गयी मृतका के पिता ने मामला दर्ज कराया वही पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया वही घटना की जानकारी लगते राजगढ़ तहसीलदार भी मौके पर पहुंच जानकारी ली।

## निजी विद्यालय बच्चों की सुरक्षा के साथ कर रहे खिलवाड़

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** क्षेत्र में निजी विद्यालयों के वाहन बच्चों की सुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ कर रहे है वही प्रशासन पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है अधिकतर स्कूल बसें व वैन ओवरलोड होकर चलती है जो की हादसे को निमंत्रण देती है वही क्षेत्र के कुछ निजी विद्यालयों के वाहन फिटनेस प्रमाणपत्र और लाइसेंस के बिना चल रही हैं कुछ वाहन घरेलू गैस सिलेंडरों से संचालित हो रहे जो कभी भी विस्फोट का कारण बन सकते हैं न तो इनमें फर्स्ट ऐड किट है न ही कोई अग्निशमन उपकरण मौजूद है वही अधिकांश वाहनों में न सीसीटीवी कैमरे हैं न ही जीपीएस सिस्टम जो बच्चों की जान जोखिम में डालने का काम कर रहे है वही विभाग इन पर कार्रवाई के नाम पर मौन है प्रशासन की निष्क्रियता और विद्यालयों की लापरवाही की कीमत मासूम बच्चों और उनके परिजनों को चुकानी पड़ती है अब देखना है की विभाग और प्रशासन इन पर कब कार्रवाई करता है



## जिला प्रशासन ने किया हैवल्स इंडिया लि. के साथ एमओयू

### बगड तिराहे से बहाला टोल तक सडक मार्ग का होगा सौन्दर्यकरण

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला प्रशासन और हैवल्स इंडिया लि. के बीच एमओयू हुआ, जिसके तहत बगड तिराहे से बहाला टोल तक सडक मार्ग के दक्षिण भाग को हरित पट्टी के रूप में विकसित कर सौन्दर्यकरण किया जाएगा तथा कम्पनी द्वारा 3 वर्ष तक इसका रख-रखाव भी किया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि उन्होंने बताया कि अलवर-देहली सडक मार्ग से अलवर शहर में आने वाले यात्री एवं पर्यटकों के लिए बगड तिराहे से बहाला टोल तक की सडक शहर का महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। इस सडक के सौन्दर्यकरण व रख-रखाव के लिए नगर विकास न्यास द्वारा कार्य किया जा रहा था। बगड तिराहे से बहाला टोल तक 2.80 किलोमीटर लम्बाई की सडक पर हैवल्स लि. के साथ जिला प्रशासन का एमओयू हुआ है जिसके तहत कम्पनी के द्वारा इस सडक के सौन्दर्यकरण के लिए आकर्षक पेड-पौधे, हेज आदि लगाए जाएंगे तथा कम्पनी द्वारा 3 वर्ष तक इनका रख-रखाव भी किया जाएगा। सडक के सौन्दर्यकरण के कार्य से वातावरण स्वच्छ होगा एवं सडक मार्ग का आकर्षक स्वरूप भी निखरेगा। कम्पनी द्वारा सडक के सौन्दर्यकरण का कार्य इसी माह प्रारम्भ किया जाएगा। इस दौरान नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियन्ता संजय खत्री, यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता, हैवल्स इंडिया लि. के कारखाना प्रबंधक संजय सहगल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




## सर्पदंश होने पर नजदीकी अस्पताल जाए

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत में हर साल लगभग अठावन हजार लोगों की मौत सर्पदंश से होती है जो कि दुनिया में सबसे ज्यादा है यह आंकड़ा वैश्विक मौतों का लगभग आधा है भारत में सर्पदंश एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच सीमित है वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू & रिसर्च सेंटर के विवेक जसाईवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत मे चार प्रकार के जहरीले साँप होते है उन्होंने बताया कि सबसे पहले करैत सांप, जिसे "साइलेंट किलर" भी कहा जाता है, एक जहरीला सांप है जो आमतौर पर काले या भूरे रंग का होता है और इसके शरीर पर सफेद या चांदी के रंग की धारियां होती हैं यह सांप रात में सक्रिय होता है और नींद में काटता है यह निशाचर साँप है इसके दाँत बहुत बारीक होते है इसका मकसद मौत नही होता यह साँप किसी व्यक्ति के दबने या करवट बदलने की स्तिथि में हमला करता है यह साँप भारत मे सबसे ज्यादा मौत का जिम्मेदार होता है इसकी खासियत है कि दर्द नही होता और यह अंडे देता है वही इस सांप में न्यूरोटॉक्सिक जहर होता है वही दूसरे नंबर पर आता है कोबरा जो कि भारतीय नाग भी कहा जाता है इसका रंग काला ,भूरा, होता है पूछ हल्की सी पीली यह फ़नधारी साँप होता है यह सबसे ज्यादा आत्मरक्षा करने वाला साँप है यह फन फैलाकर आवाज निकाल अपनी उपस्थिती बताता है इसमें भी न्यूरोटॉक्सिक जहर होता है वही तीसरे नंबर पर आता है रसेल वाईपर यह साँप शहरी क्षेत्र में कम पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है यह भूरे रंग का होता है इसकी त्वचा खुरदरी व पीठ पर काले गोल छल्लेनुमा आकृति बनी होती है यह सबसे जहरीला व हमलावर साँप होता है ,लोग इसे अजगर समझने की गलती कर देते है यह आत्मरक्षा के लिए कुकर की सिटी की तरह आवाज करता है यह साँप जहाँ बाइट करता है वहाँ से जहर का असर शुरू होते ही मास का गलना शुरू हो जाता है यह साँप अंडे नही सीधे बच्चे पैदा करता है वही इसमें हीमोटोक्सिक जहर होता है वही चौथे नम्बर पर आता है सॉ-स्केल्ड वाइपर छोटे होते हैं लेकिन उनकी चिड़चिड़ाहट आक्रामक स्वभाव और घातक जहर उन्हें बहुत खतरनाक बनाते हैं जब वे घबरा जाते हैं तो सॉ-स्केल्ड वाइपर धीरे-धीरे चलते हैं और शरीर को स-आकार की तहों में लपेट लेते हैं। तिरछे तराजू एक दूसरे के खिलाफ रगड़ने से एक फुफकारने वाली ध्वनि उत्पन्न होती है, जो संभावित शिकारियों को चेतावनी देने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक रक्षात्मक अलार्म है। हालाँकि ये साँप हमला करने में तेज़ होते हैं इसमें हीमोटोक्सिक जहर होता है ।



सा - स्किल्ड वाइपर



करैत साँप ( निशाचर)



कोबरा ( भारतीय नाग )



रसेल वाइपर

### साँपो से बचाव के लिए क्या करे

वाइल्ड लाइफ़ रेस्क्यू एंड रिसर्च सेंटर के विवेक जसाईवाल ने बताया कि साँप एक पर्यावरण का हिस्सा है इसे हम घर मे आने से नही रोक सकते साँपो की अधिकतर भोजन श्रंखला ,चूहा ,मेढंक, छिपकली होती है घरों में फिनाइल का पोछा लगाए जिससे छिपकली, मेंढक, चूहे ना आए ,गेट के नीचे जगह है तो कपड़ा लगाए ,रात्रि सोते समय बिस्तर फटकार के सोए, बाहर जाए तो अंधेरे में टॉर्च का प्रयोग करे , खेतो में काम करते समय जूते पहने

### अंधविश्वास के चक्कर मे नही आए

वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एंड रिसर्च सेंटर के विवेक जसाईवाल ने बताया कि सर्पदंश के बाद घबराए नही, तुरंत अस्पताल जाए, झाड़ फुंक के चक्कर मे नही आए प्रायः ग्रामीण क्षेत्रो में लोग झाड़ फूक के चक्कर मे आ जाते है जिसके कारण समय ज्यादा खराब होता है और मरीज की तबियत ज्यादा बिगड़ने लगती है

### *जिला अस्पताल सहित सीएचसी व पीएचसी पर भी उपलब्ध दवाई - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी*

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा ने बताया कि जिले की अधिकतम सभी सीएचसी व पीएचसी पर एन्टी स्नेक वेनम दवा मौजूद है उन्होंने कहा कि समय समय पर हम प्रशिक्षण भी देते है कि मरीज को दवा किस प्रकार दी जाए साथ ही उन्होंने कहा कि सर्पदंश के बाद मरीज जल्द ही नजदीक अस्पताल जाए ,झाड़ फूक के चक्कर मे नही आए , अपने घरों के आसपास साफ ,सफाई रखे

## विहिप व बजरंग दल पदाधिकारियों ने कलक्टर को सौंपा ज्ञापन, की गौतस्करी रोकने की मांग

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग के पदाधिकारियों ने जिला कलक्टर अर्तिका शुक्ला का उनके उनके कार्यालय पर मंगलवार को पुहुंचकर अलवर शहर के आस-पास के क्षेत्र में बढ़ रही गौकशी व गौतस्करी को रोकने के स बन्ध में पुन ज्ञापन सौपा। विहिप अलवर जिला महामंत्री बिजेन्द्र खण्डेलवाल ने बताया कि जिला कलक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि अलवर शहर के पास-पास जहाँ समुदाय विशेष के लोग रहते हैं , उसके आस-पास के पहाडी क्षेत्रों में गौकशी की घटनाएं दिनों-दिन बढ़ रही है। वर्तमान में विजय मन्दिर थाना क्षेत्र के जिन्दोली की घाटी के पहाडी क्षेत्र में गौकशी की घटना हुई है, जिसकी विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों को जानकारी होने पर उस क्षेत्र का दौरा कर सत्यता की जाँच की और जिन्दोंली की घाटी हनुमान मन्दिर पर ही मीटिंग आयोजित आगे की रणनीति बनाई गई कि किस प्रकार इन घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस स बन्ध में मंगलवार को कलक्टर को ज्ञापन सौप कर मांग की गई कि गौकशी व गौतस्करी की घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस प्रशासन को इस घटना में लिप्त लोगों को चिन्हित कर जल्द से जल्द उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही कराई जावे अन्यथा विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल सर्वसमाज को साथ लेकर उग्र आन्दोलन करने को मजबूर होना पडेगा जिसकी समस्त जि मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इसके साथ ही अलवर शहर में मोहर्रम के दिन मुस्लिम समाज द्वारा निकाले जाने वाले जुलुस में एक पुलिसकर्मी को मुस्लिम समाज के शरारती लोगों ने उसे कार से बाहर निकाल कर बेरहमी से पीटाई की गई और उसकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना में संलिप्तों को जल्द से जल्द गिर तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई और मिनि सचिवालय के सामने वन विभाग की भूमि के अन्दर स्थित प्राचीन शिव मन्दिर को वन विभाग द्वारा दरवाजे लगाकर बन्द कर दिया उसे खुलवाने का निवेदन किया गया। ज्ञापन सौपने वालों में पूर्व विधायक बनवारी लाल सिघल, बजरंग दाल प्रान्त संयोजक प्रेम सिंह राजावत, विहित जिला मंत्री बिजेन्द्र खण्डेलवाल, शहर मंत्री प्रेम गुप्ता, मीडिया प्रभारी अवधेश माथुर, अरविन्द कुमावत, प्रमोद इकधाया, प्रमोद सैनी, राजू सैनी, हिमांशु, टोनू यादव, मनीष अरोडा, कन्ता देवी, गुड्डी देवी, सुबे सिंह सहित विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल रहे।




## जिला कलेक्टर ने लिया कृषि योजनाओं का जायज़ा

### रायपुर मेवान में जिला कलेक्टर ने किया फार्म पोंड का पूजन, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### जिला कलेक्टर ने किसानों से फार्म पोंड योजना का लाभ लेने की अपील



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** । जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को रायपुर मेवान गांव का दौरा कर कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने खेतों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाए गए फार्म पोंड का अवलोकन किया और उसका विधिवत पूजन भी किया। फार्म पोंड कृषक हरीराम यादव पुत्र नंदराम यादव के खेत में कृषि विभाग के सहयोग से बनाया गया है। कृषक हरीराम यादव व रोशनलाल यादव ने जिला कलेक्टर को बताया कि जल संकट की स्थिति को देखते हुए उन्होंने कृषि विभाग से संपर्क किया, जिसके तहत उन्हें रू1,35,000 का अनुदान प्राप्त हुआ। अब वे वर्षाजल को संग्रहित कर 20 से 25 बीघा खेत में सिंचाई कर सकेंगे। पूजन के अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने मंगल गीत गाकर जिला कलेक्टर का स्वागत किया। विभाग की योजना के तहत गांव में अब तक 10 फार्म पोंड तैयार हो चुके हैं जबकि जिलेभर में अब तक कुल 32 फार्म पोंड निर्माणित किए जा चुके हैं। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने फार्म पोंड के चारों ओर पौधारोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से इन पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की तथा अधिक से अधिक किसानों से फार्म पोंड योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला परिषद खैरथल के कृषि (विस्तार) संयुक्त निदेशक विजय सिंह, उपनिदेशक उद्यान गोपाललाल मीणा, एवं सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) किशनगढ़बास डॉ. राजेन्द्र बसवाल, नूरनगर की वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक संजू चौधरी, खैरथल के सहायक कृषि अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, कृषक एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

*पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा*

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 छात्राओं को स्कूटी वितरित

### केंद्र व राज्य सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध, शहर में डेढ साल में खुले दो कन्या महाविद्यालय व बालिका सैनिक स्कूल की भी मिली सौगात - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी सौंपी। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शर्मा ने प्रतिभावान बेटियों को स्कूटी मिलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारम्भ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है।




### बालिका शिक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध, डेढ वर्ष में शहर में दो कन्या महाविद्यालय

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में बालिका शिक्षा महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के डेढ साल के कार्यकाल के दौरान ही अलवर शहर में दो नए कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि गौरी देवी महाविद्यालय में बढ रही छात्राओं की संख्या के मद्देनजर शहर में एक नवीन कन्या महाविद्यालय की बजट में घोषणा की गई है, जिसका संचालन वर्तमान में एसएमडी स्कूल में शुरू हो गया है तथा इसके लिए विज्ञान नगर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। यथाशीघ्र यहां पर महाविद्यालय का भवन तैयार होगा। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में कन्या पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की भी बजट घोषणा कराई गई, यह महाविद्यालय भी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के परिसर में प्रारम्भ हो चुका है और इसी परिसर में इसके भवन के लिए भूमि चिन्हित की गई है। यहां भी यथाशीघ्र भवन बनकर तैयार होगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सकारात्मक प्रयासों से हल्दीना में बालिका सैनिक स्कूल की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए भूमि आवंटन का कार्य हो चुका है तथा यहां भी यथाशीघ्र भवन तैयार होगा जिससे बेटियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होने के साथ-साथ सेना में भी अपनी सेवाएं देने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।



### पर्यावरण संरक्षण पर दिया बल

मंत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने पर्यावरण को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी भरपाई हम सबको प्रधानमंत्री के एक पेड मां के नाम व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान से प्रेरित होकर पौधे लगाने हैं बल्कि उनकी सार-संभाल भी करनी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 7 करोड 35 लाख पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष 10 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को सहभागिता से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जल संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में वर्षा जल के संरक्षण के लिए 8 जल संरचनाएं बनाई जा रही है। इसके लिए वन विभाग की एनओसी जारी हो चुकी है। यथाशीघ्र यहां पर कार्य प्रारम्भ होगा।

### गौरी देवी महाविद्यालय में ऑडिटोरियम बनवाने की कि घोषणा

गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य की ऑडिटोरियम बनवाने की मांग पर वन मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में एक अच्छा ऑडिटोरियम आगामी दो वर्ष में बनवाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में अन्य संसाधन उपलब्ध कराने में भी पूर्ण सहयोग किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गौरी देवी महाविद्यालय का विशिष्ट स्थान रहा है इस विद्यालय में अध्ययन कर अलवर ही नहीं अन्य जिलों की बेटियों ने अपने सपने पूरे कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार नित नए नवाचारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बल प्रदान करते हुए बेटियों को आगे बढाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में करीब साढे पांच हजार बालिकाएं अध्ययन करती है। स्कूटी मिलने से बालिकाओं को कॉलेज आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। प्रो. पी.पी वर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, सुरेश मेहता, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, जितेन्द्र सैनी, मीना सैनी, शशि तिवाडी, सोनू चौधरी, राजेन्द्र कसाणा, डॉ. अशोक आर्य, डॉ. गोपीचंद पालीवाल, डॉ. के.एल मीणा, डॉ. मंजू आसोपा सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## जयपुर में औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन के लिए हों हर संभव प्रयास

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, एमएसएमई नीति 2024, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति 2024 एवं क्लस्टर विकास योजना की प्रगति समीक्षा हेतु जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिले में निवेश प्रोत्साहन एवं औद्योगिक विकास के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में योजनाओं का निचले स्तर तक अधिकतम प्रचार-प्रसार करने एवं योग्य उद्यमियों एवं समूहों को योजना का सीधा लाभ मिल दिलवाने के निर्देश दिये। बैठक जिले में अब तक की प्रगति, प्राप्त आवेदनों, लाभांवित इकाइयों, और प्रस्तावित क्लस्टर गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने रीको औद्योगिक क्षेत्रों के प्रभारी अधिकारियों को क्षेत्रीय इकाइयों से संपर्क कर एक जिला एक उत्पाद, एमएसएमई, राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति और क्लस्टर विकास योजना के लाभों से अवगत कराएं एवं योग्य उद्यमियों की पहचान कर उन्हें आवेदन हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये। साथ ही, उन्होंने पात्र एसोसिएशनों एवं उद्यमी समूहों से संपर्क कर समस्त नई योजनाओं के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर राज्य सरकार को प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर जिला कलेक्टर प्रथम श्रीमती विनीता सिंह, जिला उद्योग केन्द्र (शहरी) की महाप्रबंधक श्रीमती शिल्पी आर. पुरोहित, जिला उद्योग केन्द्र (ग्रामीण) के महाप्रबंधक श्री सुभाष शर्मा, उपस्थित रहे।

## एमएनआईटी जयपुर में 9 से 12 जुलाई तक आयोजित होगी आईईईई अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'सेफेट 2025'

### स्थायी ऊर्जा एवं भविष्य के विद्युत परिवहन पर वैश्विक स्तर पर होगा मंथन




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर में 9 से 12 जुलाई 2025 तक पाँचवीं आईईईई अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस "सेफेट 2025" (स्थायी ऊर्जा एवं भविष्य का विद्युत परिवहन) का आयोजन होने जा रहा है। इस महत्त्वपूर्ण आयोजन की मेजबानी संस्थान के ऊर्जा एवं पर्यावरण केंद्र द्वारा की जा रही है। यह सम्मेलन ऊर्जा क्षेत्र, विद्युत वाहनों, स्मार्ट ग्रिड तथा स्वच्छ परिवहन जैसे विषयों पर वैश्विक नवाचार और अनुसंधान को साझा करने का एक अहम मंच है। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (आईईईई) के तकनीकी सहयोग से हो रहे इस आयोजन में लगभग 650 से 700 शोधकर्ता, शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ और नीति-निर्माता भाग लेंगे। चार दिवसीय इस सम्मेलन में तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुतियाँ, पोस्टर सत्र, मुख्य भाषण, पैनल चर्चा, ट्यूटोरियल और उद्योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान 'वीमेन इन इंजीनियरिंग' (महिला इंजीनियरिंग) नामक विशेष सत्र का भी आयोजन होगा, जिसमें विश्वभर की अग्रणी महिला वैज्ञानिक एवं अभियंता सहभागिता करेंगी। एमएनआईटी की ओर से बताया गया कि वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया शून्य कार्बन उत्सर्जन एवं टिकाऊ ऊर्जा की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है, तब यह सम्मेलन एक प्रभावशाली मंच प्रदान करेगा, जहाँ शिक्षाविद, शोधकर्ता, स्टार्टअप्स तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे एवं सहयोग के नए अवसर तलाश सकेंगे। संस्थान ने विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं एवं नवाचार में रुचि रखने वाले सभी प्रतिभागियों को इस वैश्विक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

## केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सौंपी विज्ञान केंद्र की सौगात



### छात्रों की सोच को मिलेगा पंख, विज्ञान केंद्र देगा धौलपुर की वैज्ञानिक चेतना को नया आगाज- केंद्रीय मंत्री

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** धौलपुर की ऐतिहासिक और प्राकृतिक विविधताओं से समृद्ध धरती पर विज्ञान और नवाचार की एक नई दिशा जुड़ी। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. जितेंद्र सिंह मंगलवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय परिसर में स्थित सूचना केंद्र में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के सहयोग से स्थापित धौलपुर विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने विज्ञान केंद्र का अवलोकन किया तथा वहाँ उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विज्ञान प्रयोगों को न केवल सराहा बल्कि विज्ञान के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझने और उन्हें दैनिक जीवन से जोड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी जागरूकता का संदेश दिया। बाद में टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह नवाचार और विज्ञान का युग है। भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों में विज्ञान केंद्रों की स्थापना उसी सोच का विस्तार है, जिससे देश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक चेतना का विस्तार हो सके। उन्होंने कहा कि भारत अब वैज्ञानिक नवाचारों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# आमजन के संबल के आधार बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

### जयपुर में 7 जुलाई तक 456 शिविरों में 43 लाख से ज्यादा कार्यों का हुआ संपादन

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे शिविरों की मॉनिटरिंग

### फॉलोअप शिविर में अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने के दिये निर्देश

### 16 विभागों द्वारा आमजन से जुड़े 63 तरह के कार्यों को मौके पर ही दिया जा रहा अंजाम



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल के तहत राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जयपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर में शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शिविरों में हुए कार्यों की प्रगति की उपखंडवार एवं विभागवार समीक्षा की। साथ ही फॉलोअप शिविरों की कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जयपुर जिले में 7 जुलाई 2025 तक आयोजित 456 शिविरों में कुल 43 लाख 74 हजार 581 तरह के कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन किया गया। जिसके अंतर्गत राजस्व विभाग के 18 हजार 449, ग्रामीण विकास विभाग के 3 लाख 28 हजार 60, पंचायती राज विभाग के 3 लाख 72 हजार 589, विद्युत विभाग के 63 हजार 641, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के 19 हजार 195, जल संसाधन विभाग के 57 हजार 764 कार्यों का संपादन किया गया है। वहीं, कृषि विभाग के 64 हजार 89, वन विभाग के 18 लाख 60 हजार 621, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के 1 लाख 12 हजार 873, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 6 लाख 42 हजार 923, पशुपालन विभाग के 4 लाख 74 हजार 524, जनजातीय विकास विभाग के 25, शिक्षा विभाग के 3 लाख 51 हजार 317, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 8 हजार 511 एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के 8 हजार 658 कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन कर लाखों आमजन तक राहत पहुंचाई गई है। जयपुर जिले के आमेर उपखंड में आयोजित 23 शिविरों में 5 लाख 84 हजार 71, सांभर में आयोजित 21 शिविरों में 2 लाख 62 हजार 727, जोबनेर में आयोजित 22 शिविरों में 2 लाख 53 हजार 682, जयपुर प्रथम उपखंड में आयोजित 12 शिविरों में 1 लाख 39 हजार 821, दूदू में आयोजित 18 शिविरों में 1 लाख 89 हजार 663, मौजमाबाद में आयोजित 21 शिविरों में 2 लाख 13 हजार 689, फागी में आयोजित 19 शिविरों में 1 लाख 77 हजार 827, शाहपुरा में आयोजित 32 शिविरों में 3 लाख 18 हजार 823, बस्सी में आयोजित 50 शिविरों में 4 लाख 94 हजार 839 कार्यों का निस्तारण किया गया। वहीं, किशनगढ़ रेनवाल में आयोजित 25 शिविरों में 2 लाख 1 हजार 122, सांगानेर में आयोजित 13 शिविरों में 1 लाख 8 हजार 824, चाकसू में आयोजित 45 शिविरों में 3 लाख 49 हजार 40, जमवारामगढ़ में आयोजित 55 शिविरों में 4 लाख 15 हजार 514, रामपुरा डाबड़ी में आयोजित 34 शिविरों में 2 लाख 32 हजार 200, चौमूं में आयोजित 47 शिविरों में 3 लाख 22 हजार 403, माधोराजपुरा में आयोजित 19 शिविरों में एक लाख 10 हजार 336 कार्य हुए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम)ती विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) देवेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दूदू) गोपाल सिंह परिहार सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वन विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की। गौरतलब है कि जयपुर जिला प्रशासन द्वारा पखवाड़े के तहत जिले के 16 उपखण्डों की 19 पंचायत समितियों की 461 ग्राम पंचायतों में संचालित किया जा रहा है। 9 जुलाई को फॉलोअप कैम्प तहसील मुख्यालय पर किया जायेगा। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक नोडल अधिकारी, तकनीकी नोडल अधिकारी और उपखंडवार नोडल प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

## केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

### विधायकों ने क्षेत्रीय मुद्दों पर की चर्चा, जनसुनवाई बनी भरोसे का माध्यम



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को अपने सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में प्रदेशभर से आए नागरिकों ने शिक्षा, चिकित्सा, जलापूर्ति, पेंशन, सड़क निर्माण और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। कुमावत ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागों को निर्देश दिए। मंत्री कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की भी सुनवाई हो और उसकी समस्या का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। इसी दृष्टि से राज्य सरकार ने जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी रूप में लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार, मंगलवार और बुधवार को नियमित रूप से होने वाली जनसुनवाई राज्य में सुशासन की मिसाल बन रही है। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और समाधान को लेकर संतुष्टि जताई। कई मामलों में त्वरित कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई। इस अवसर पर सिविल लाइंस आवास पर विधायक जयदीप बिहाणी, विधायक प्रताप सिंह सिंघवी और जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने कुमावत से शिष्टाचार भेंट की। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और प्राथमिक आवश्यकताओं को विस्तार से रखा। मंत्री कुमावत ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्रीय विकास और नागरिक हितों से जुड़े मुद्दों पर गहन संवाद हुआ और मंत्री कुमावत ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार हर नागरिक की सुनवाई और समस्या समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## रुक्टा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन भुगतान की माँग उठाई, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (रुक्टा) ने सोमवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन भुगतान में आ रही समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। रुक्टा ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि शिक्षकों की पेंशन योजना को नियमित किया जाए, बकाया परिलाभों का भुगतान किया जाए तथा सातवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशन का पुनर्निर्धारण किया जाए। रुक्टा अध्यक्ष प्रो. रघुराज परिहार ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जीवन भर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले वरिष्ठ शिक्षकों को वृद्धावस्था में अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक चिंता का विषय है। प्रदेश महामंत्री प्रो. बनय सिंह ने बताया कि ज्ञापन में अनेक बिंदुओं को प्रमुखता से रखा गया है। इसमें उल्लेख किया गया है कि राज्य सरकार ने वर्ष 1990 से पेंशन योजना लागू की थी, परन्तु अब तक उसकी प्रक्रिया में नियमितता नहीं आई है। वर्ष 2014 में हुई राजभवन बैठक में 'गैप फंडिंग' का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। प्रो. सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला विद्यार्थियों की फीस माफ करने के निर्देश तो दिए गए, लेकिन सरकार ने इसका कोई वित्तीय पुनर्भरण नहीं किया। साथ ही, 1985 के बाद विश्वविद्यालयों के अनुदान में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई है, जिससे व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। रुक्टा ने यह भी बताया कि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक पिछले 53 दिनों से धरने पर हैं, परंतु सरकार की ओर से कोई राहत नहीं दी जा रही है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो रुक्टा को प्रदेशव्यापी आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## *06 परिवारों के 30 व्यक्तियों में चल रहा वर्षो का भूमि विवाद मिनिटों में हल, मुकदमा वापस, चेहरों पर छाई खुशी*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 2025 के तहत मंगलवार दिनांक 08.07.2025 को तहसील स्तर पर आयोजित फॉलोअप शिविर में सुन्दरा पुत्र जुवारा जाति मीणा व जगदीश, नाहरा, बजरंग तथा सुरा पुत्र रामजीवण निवासी रतनपुरा द्वारा उपखण्ड अधिकारी फागी राकेश कुमार व तहसीलदार फागी रवि शेखर चौधरी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत करवाया की उनके मध्य खेतों व कुंए पर जाने वाले रास्ता संबंधी विवाद है। भूमि विभाजन नहीं होने के कारण प्रार्थीगण अपने हिस्से की भूमि का सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आपसी विवाद के कारण प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है एवं पुलिस थाना में भी मुकदमा दर्ज है। उपखण्ड अधिकारी द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए परिवादियों के बीच आपसी समझाईश की गई। परिवादियों द्वारा उपखण्ड अधिकारी की समझाईश पर न्यायालय में दर्ज प्रकरण जिसमें कुल 19 बीघा जमीन 10 खसरे एवं 06 परिवारों के 30 व्यक्तियों के बीच चल रहा विवाद आपसी सहमति से खत्म होने पर आपसी सहमति से विभाजन के कुर्रेजात मौके पर ही तैयार किये गये। वर्षों से चल रहे विवाद मिनिटों मे खत्म होने एवं कुर्रेजात तैयार होने तथा पुलिस थानें में दर्ज मुकदमा वापस होने पर परिवादियों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। परिवादियों ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन का पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर आयोजित करने पर उनके परिजनों की



ओर से कोटि-कोटि धन्यवाद दिया हैं।

### पेंशन का सत्यापन होने से अमरचन्द रैगर व गीता देवी बलाई को मिली राहत

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत मंगलवार को पंचायत समिति सांभरलेक में आयोजित ब्लॉक स्तरीय फोलोअप शिविर के अन्तर्गत प्राप्त सूचना के द्वारा ग्राम पंचायत नौरंगपुरा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी को भेजकर दिनांक 08.07.2025 को ही विशेष योग्यजन एवं वृद्धजन सम्मान पेशन योजना का सत्यापन करवाया गया जिससे प्रार्थी गीता देवी बलाई व अमरचन्द रैगर ने राहत की सांस ली और राज्य सरकार का पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा फोलोअप शिविर आयोजित करने पर आभार व्यक्त किया।

## जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से ली पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की प्रगति की समीक्षा बैठक



### शिविरों में आमजन को योजनाओं से लाभांवित कराने एवं लंबित राजस्व प्रकरणों के मौके पर ही निस्तारण करने के दिये निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखंड अधिकारियों की बैठक लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में प्रगति, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई प्रकरणों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में प्रगति की उपखंडवार विस्तृत समीक्षा कर उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व संबंधी लंबित लम्बित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, कुर्रेजात प्रकरण, नामांतरण, जमाबंदी अपडेशन, आपसी सहमति से विभाजन सहित रास्तों के लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण करावे। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन को महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं एवं जरूरी सुविधाओं के माध्यम से लाभान्वित करवाया गया है, पखवाड़े के शेष दिनों में निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) 2022 के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का निस्तारण एवं एनएफएसए 2025 के तहत आवेदनों को अप्रूवल स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार गिव अप अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर ब्लॉकवार निर्धारित लक्ष्यानुसार अधिकाधिक सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना में से नाम हटवाने को प्रेरित करें, ताकि जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि अधिकारी सम्पर्क पोर्टल का नियमित अवलोकन करें तथा प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइमलाइन में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई मॉनिटरिंग सिस्टम व अन्य जनसुनवाई से प्राप्त परिवेदनाओं का भी गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण किया जावे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, उपखण्ड अधिकारी यशार्थ शेखर, जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा, तहसीलदार अलवर रश्मि शर्मा सहित वीसी से समस्त उपखण्ड अधिकारी, बीडीओ एवं तहसीलदार जुडे।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई, 5 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 6 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में 200 फीट बाईपास, रंगोली गार्डन रोड़, महाराणा प्रताप मार्केट, इन्द्रा गांधी नगर सेक्टर 07 से सीबीआई फाटक जगतपुरा तक एवं डब्लूटीपी के पीछे आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 5 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 6 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में 200 फीट बाईपास, रंगोली गार्डन रोड़, महाराणा प्रताप मार्केट, इन्द्रा गांधी नगर सेक्टर 07 से सीबीआई फाटक जगतपुरा तक एवं डब्लूटीपी के पीछे आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 6 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई




अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 5 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# केरल से कुछ सीखें अन्य सरकारें

*हर अच्छी पहल में खलल डालने के लिए कुछ विघ्नसंतोषी सदैव सक्रिय रहते हैं। जुंबा डांस मामले में भी ऐसा ही हुआ और विजडम इस्लामिक आर्गेनाइजेशन नाम की संस्था इसके विरोध में उतर आई। संस्था के महासचिव टीके अशरफ ने जुंबा को डीजे शैली वाला बताते हुए कहा कि इसमें लड़के-लड़कियां 'अधनंगे' होकर नाचते हैं। एक अन्य संगठन-समस्ता से जुड़े मौलवियों ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए जुंबा को अश्लील करार दिया। इस चौंकाने वाली आलोचना का सरोकार इस शैली या सार्वजनिक स्वास्थ्य से न होकर 'हया' जैसी इस्लामिक मान्यता से कहीं ज्यादा था।*

*जब ऐसी मजहबी दलीलों का मजाक बनाया जाने लगा तो विरोध करने वालों ने स्वर बदलते हुए इस मामले में 'परामर्श' और 'दीर्घकालिक अध्ययन' की दुहाई देनी शुरू कर दी। यह और कुछ नहीं अपनी मूल मंशा को छिपाने के लिए गोलपोस्ट बदलने जैसा था, जिसमें कथित नैतिक आग्रह जुड़े हुए थे।*




छात्रों की सेहत और सकारात्मकता से जुड़ी केरल शिक्षा विभाग की जुंबा जैसी पहल बहुत सराहनीय है। ऐसी पहल की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। एक्सरसाइज यानी किसी प्रकार की कसरत सरीखी गतिविधि तनाव बढ़ाने वाले कार्टिसोल जैसे हार्मोन को घटाने में बड़ी मददगार होती है। तनाव बढ़ने पर ही अक्सर बच्चे और किशोर नशाखोरी की गिरफ्त में आ जाते हैं।

ऐसे में संगीत की थाप पर चलने वाली जुंबा जैसी गतिविधि बहुत उपयोगी प्रतीत होती है। यह बच्चों एवं किशोरों को किसी भौतिक सजा के बजाय आनंद की अधिक अनुभूति कराती है। राज्य में बीते दो वर्षों के दौरान नाबालिगों में नशाखोरी से जुड़े मामले बढ़े हैं, उसे देखते हुए एक अनुभव आधारित व्यावहारिक समाधान की आवश्यकता महसूस हो रही है, जिसे हर कक्षा में सहजता से लागू किया जा सके।

हर अच्छी पहल में खलल डालने के लिए कुछ विघ्नसंतोषी सदैव सक्रिय रहते हैं। जुंबा डांस मामले में भी ऐसा ही हुआ और विजडम इस्लामिक आर्गेनाइजेशन नाम की संस्था इसके विरोध में उतर आई। संस्था के महासचिव टीके अशरफ ने जुंबा को डीजे शैली वाला बताते हुए कहा कि इसमें लड़के-लड़कियां 'अधनंगे' होकर नाचते हैं। एक अन्य संगठन-समस्ता से जुड़े मौलवियों ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए जुंबा को अश्लील करार दिया। इस चौंकाने वाली आलोचना का सरोकार इस शैली या सार्वजनिक स्वास्थ्य से न होकर 'हया' जैसी इस्लामिक मान्यता से कहीं ज्यादा था।

जब ऐसी मजहबी दलीलों का मजाक बनाया जाने लगा तो विरोध करने वालों ने स्वर बदलते हुए इस मामले में 'परामर्श' और 'दीर्घकालिक अध्ययन' की दुहाई देनी शुरू कर दी। यह और कुछ नहीं अपनी मूल मंशा को छिपाने के लिए गोलपोस्ट बदलने जैसा था, जिसमें कथित नैतिक आग्रह जुड़े हुए थे।

यह धारणा मुझे स्वीकार्य नहीं कि पाठ्यक्रम में किसी भी प्रकार के परिवर्तन को लेकर एक निर्वाचित सरकार मजहबी मान्यताओं के ठेकेदारों की अनुमति पर निर्भर होकर रह जाए। इससे पंथनिरपेक्षता की पूरी संकल्पना ही विकृत हो जाएगी।

इससे न केवल धार्मिक-मजहबी मामलों से राज्य को दूर रखने के सिद्धांत को ठेस पहुंचेगी, बल्कि वह नीति भी वैधता प्राप्त करती जाएगी कि जब तक मजहबी ठेकेदार हरी झंडी नहीं दिखाएंगे, तब तक कोई नीति सिरे नहीं चढ़ पाएगी। किसी हिंदू, ईसाई या पंथनिरपेक्ष सांस्कृतिक संगठन ने जुंबा का विरोध नहीं किया। आम तौर पर कट्टर समझे जाने वाले मुस्लिम संगठन ने ही ऐसा किया। धार्मिक-मजहबी प्रविधान निजी संस्थाओं के दायरे में तो स्वीकार्य हो सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्कूलों में उन्हें चीजों को निर्धारित करने की निर्णायक शक्ति नहीं दी जा सकती।

यह आरोप भी गले नहीं उतरता कि जुंबा की लैटिन अमेरिकी जड़ें 'सांस्कृतिक आक्रमण' करती हैं। देखा जाए तो केरल में इस्लाम का आगमन ही समुद्री मार्ग से हुआ। जिन्हें फिटनेस से जुड़ी एक विदेशी पद्धति अपनाने में खोट दिखता है, उन्हें आयातित मजहब, स्मार्टफोन और खाड़ी से आने वाले चेक स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं दिखता। यह भी गजब की बौद्धिक कलाबाजी है। यदि वाकई में बच्चों के समग्र हितों को प्राथमिकता देनी है तो रूढ़िवादी समूहों को तत्काल साफ-सफाई शुरू करनी होगी।केरल की मस्जिदों में 'मी टू' यानी यौन शोषण के मामले चर्चित हुए हैं। हज और उमरा के दौरान भी ऐसे आरोप सुनाई पड़े। केरल की अदालतों ने मदरसा शिक्षकों को यौन शोषण के मामलों में सजा भी सुनाई है। इसके बावजूद एक फिटनेस गतिविधि का विरोध किया जा रहा है और मजहबी स्थलों में हो रहे अपराधों पर चुप्पी साधी जा रही है। यह नैतिक उलटबांसी को ही उजागर करता है।

जुंबा को लेकर वाम नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। मंत्रियों ने दो-टूक कहा कि बाहरी तत्व नीतियों को निर्धारित नहीं कर सकते। जुंबा आलोचकों को आड़े हाथों लेकर यह भी कहते हुए सुना गया कि तालिबानी मानसिकता वाले लोग उस राज्य में अपनी पैठ मजबूत करना चाहते हैं, जो अपनी उच्च साक्षरता एवं सामाजिक सूचकांकों पर गर्व करता है। यह भाषा भले ही थोड़ी तीखी हो, लेकिन तुलना उपयुक्त है। तिलमिलाए आलोचक अब विशेष रूप से नशे से दूर रखने में जुंबा की उपयोगिता साबित करने वाले अध्ययनों पर जोर दे रहे हैं।

यह सही है कि इससे संबंधित व्यापक अनुभव एवं आंकड़े उपयोगी होंगे, लेकिन नीतियों को लागू करने का मामला किसी की मनमानी के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। तमाम वैज्ञानिक साक्ष्य यही पुष्ट करते हैं कि नियमित एरोबिक एक्सरसाइज व्यक्ति को अच्छा महसूस कराने में कारगर साबित होती है। अगर कट्टरपंथियों को नशामुक्ति के और कुछ अन्य उपाय प्रभावी लगते हैं तो वे अपने संस्थानों में उन्हें आजमाने एवं उनके साक्ष्य दर्शाने के लिए स्वतंत्र हैं। तब तक जुंबा के प्रभाव और उसकी उपयोगिता को लेकर उनके सवाल कुछ और नहीं, बल्कि इसे टालने की तिकड़म ही अधिक लगेंगे।जुंबा को लेकर व्यापक प्रतिक्रिया दर्शाती है कि इसे हाथोंहाथ लिया जा रहा है। केरल में कई जिलों में अभिभावक बच्चों को जुंबा सत्रों में भेजने के लिए तत्परता दिखा रहे हैं।


सम्पादकीय

## ब्रिक्स सम्मेलन से आतंकवाद को लेकर मोदी का संदेश




ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस समूह के महत्त्व समेत कई अहम मसलों पर चर्चा की गई, जिनमें से एक प्रमुख मुद्दा आतंकवाद का था। इस मौके पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अनुपस्थित रहे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी सम्मेलन में आभासी माध्यम से ही शामिल हुए। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी को एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया और कहा कि आतंक के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। आतंकियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में किसी भी देश को हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को न केवल पाकिस्तान, बल्कि चीन के लिए भी एक नसीहत के रूप देखा जा रहा है। पाकिस्तान जहां आतंकवाद को खाद-पानी देता है, वहीं चीन ने हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई पाकिस्तानी आतंकियों को सूचीबद्ध करने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। इससे इन दोनों देशों की कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आता है। पाकिस्तान दुनिया को यह दिखाने का प्रयास करता है कि वह खुद आतंकवाद से पीड़ित है, मगर दूसरी ओर वह आतंकियों को प्रशिक्षित कर उन्हें भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। ब्रिक्स हाल के वर्षों में एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है। इसमें भारत, चीन व रूस समेत दुनिया की ग्यारह प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं। ब्रिक्स देश एक 'बहुध्रुवीय विश्व' के लिए जोर दे रहे हैं, जहां शक्ति अधिक बंटी हुई हो। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ब्रिक्स सम्मेलन से अनुपस्थित रहना चौंकाने वाला है। जिनपिंग के सत्ता संभालने के बाद यह पहली बार है कि वे इस सम्मेलन से दूर रहे। वह भी तब, जब वे ब्रिक्स समूह को अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी गुट के खिलाफ एक आर्थिक विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं। भू-राजनीतिक मामलों के लिहाज से देखें तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि ब्रिक्स के हालिया विस्तार ने चीन के लिए इसके वैचारिक मूल्य को कम कर दिया है। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि चीन, अमेरिका के साथ व्यापार संघर्ष के कारण घरेलू आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और जिनपिंग इन दिनों घरेलू अर्थव्यवस्था को दिशा देने में उलझे हुए हैं। बहरहाल, ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद के अलावा, मानवीय मूल्यों पर आधारित कृत्रिम मेधा, अमेरिकी शुल्क, मानवता के विकास के लिए शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण के मसले पर भी चर्चा हुई। इसमें दोराय नहीं कि ब्रिक्स देशों को अपनी साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप तक आज दुनिया विवादों और संघर्षों से जूझ रही है, ब्रिक्स जैसे समूहों की प्रासंगिकता और भी अहम हो जाती है। मगर, वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। कथनी और करनी के बीच अंतर खत्म करना होगा।

## दलाई लामा से घबराया चीन



आजकल दलाई लामा अंतरराष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में हैं। छह जुलाई को जन्मतिथि से तीन दिन पहले धर्मशाला में अपनी दीर्घायु के लिए आयोजित प्रार्थना सभा में दलाई लामा ने घोषणा की कि दलाई लामा के पुनर्जन्म की तिब्बती परंपरा उनके बाद भी कायम रहेगी और उनके नए अवतारी बालक को खोजने का एकमात्र अधिकार और जिम्मेदारी तिब्बती धर्म संस्था 'गंदेन-फोड्रांग' के पास रहेगी। उन्होंने चीनी दावों को चुनौती देते हुए कहा कि किसी गैर तिब्बती और बाहरी शक्ति को इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप का कोई अधिकार नहीं है। दलाई लामा के इस बयान से बौखलाए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस खोज और नियुक्ति का अधिकार दलाई लामा का नहीं, बल्कि केवल चीन सरकार का है और अगले दलाई लामा की खोज एक स्वर्ण कलश में डाले गए नामों में से लाटरी के आधार पर होगी। इससे दलाई लामा, उनके पुनर्जन्म की परंपरा और तिब्बत पर दुनिया का ध्यान फिर से केंद्रित हो गया। विश्व बिरादरी के मन में यह उत्सुकता है कि आखिर एक निहत्थे, बूढ़े और शरणार्थी धर्मगुरु में ऐसा क्या है कि इतनी बड़ी सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक शक्ति नए अवतारी बच्चे पर कब्जा जमाने के लिए क्यों पगलाई हुई है? यहां केवल दो मूल बातों को समझना होगा। एक तो यह कि तिब्बत की धार्मिक-सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था में दलाई लामा को सर्वोच्च धार्मिक गुरु और शासक का दर्जा प्राप्त है। तिब्बत में दलाई लामा की मृत्यु के बाद अगले शासक और धर्मगुरु की जिम्मेदारी किसी चुनाव या पारिवारिक विरासत के आधार पर नहीं तय होती। उनके नए अवतार को इस पद पर बिठाया जाता है। वर्तमान दलाई लामा इस परंपरा में 14वें हैं। माना जाता है कि दलाई लामा और दूसरे सिद्ध लामाओं में अपने अगले जन्म के बारे में फैसला करने और उससे जुड़े पूर्वानुमानों की शक्ति होती है। हर बड़ा लामा अपने अगले अवतार के बारे में विस्तृत जानकारी छोड़ जाता है। बाद में इस जानकारी और कुछ अन्य अनुष्ठानों की मदद से अन्य लामा उस काल में पैदा हुए सैकड़ों बच्चों में से सही अवतार को खोज लेते हैं। तिब्बत और चीन के पुराने ऐतिहासिक संबंधों में दसवें दलाई लामा की खोज के समय चीन के मंचू राजा ने तिब्बत में इस विषय पर खड़े विवाद को एक स्वर्ण कलश में पर्चियां डाल कर लाटरी के माध्यम से तय किया था। बाद में चीन पर 1912 में विदेशी मंचू शासन की समाप्ति होने पर वहां चीनी शासन स्थापित हुआ, जिसे 1949 की हिंसक कम्युनिस्ट क्रांति में माओ ने पलट दिया। सत्ता में आने के तुरंत बाद माओ की सेना ने उसी साल ईस्ट तुर्किस्तान (शिनजियांग) और 1951 में तिब्बत पर कब्जा करके चीन को विशाल विस्तार दे दिया। वर्तमान दलाई लामा को 1959 में तब भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी, जब चीनी कब्जे के खिलाफ तिब्बती जनता के जन उभार को चीनी कम्युनिस्ट शासन ने बेरहमी से कुचल डाला। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों के अनुसार इस अभियान में चीनी सेना ने एक पखवाड़े में ही 80 हजार से ज्यादा तिब्बती नागरिकों की हत्या कर डाली थी। 1959 के बाद से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी, चीनी सेना और चीन सरकार तिब्बती जनता को अपने वश में करने और दलाई लामा के प्रभाव को खत्म करने के लिए वहां हर तरह के हथकंडे अपना चुकी है। 1987 और 1989 के तिब्बती जनांदोलन में चीनी शासकों को यह देखकर बहुत सदमा लगा कि दो पीढ़ियों के बाद भी तिब्बती युवाओं में तिब्बती धर्म, दलाई लामा और तिब्बती आजादी की ललक बनी हुई है। तब से चीनी नेता तिब्बती धर्म पर भीतर से कब्जा करने की नीति पर चल रहे हैं। इस नीति के तहत सभी अवतारी लामाओं की खोज और उनको गद्दी पर बिठाने का पूरा नियंत्रण चीनी कम्यनिस्ट पार्टी के नियंत्रण वाली बौद्ध कमेटियों के हाथ में है। 2008 में बीजिंग ओलिंपिक के समय तिब्बती जनता के विद्रोह में दिखी दलाई लामा की लोकप्रियता के बाद तो चीन सरकार के इस अभियान ने बहुत गति पकड़ ली। 2012 में शी चिनफिंग द्वारा सत्ता पर काबिज होने के बाद तो इस अभियान ने तिब्बत में सांस्कृतिक-संहार का रूप ले लिया। दलाई लामा से जुड़े लोगों और संस्थाओं से फोन या इंटरनेट के जरिये संपर्क बनाने और यहां तक कि घर या अपने मोबाइल में दलाई लामा का फोटो रखने को भी 'राष्ट्रद्रोह' मानते हुए कम से कम सात साल की जेल सजा का प्रविधान है।

## ओ नीले गुलमोहर

तो गुलमोहर बाबू, मुझे यही पता है कि तुम्हारा जन्म स्थान ब्राजील है, लेकिन तुम यहां गोपेश्वर कैसे आए होगे! खैर, तुम्हारे फूलों से यही लग रहा है कि तुम्हें भी मेरी तरह गोपेश्वर बहुत पसंद आ रहा है। सुना है कि तुम्हारे पुरखों को भारत आए फिलहाल दो सौ साल ही हुए हैं। तो अभी समाज में जैसा मौसम चल रहा है, उसे देखते हुए मेरी एक सलाह है कि खबरदार हो जाओ गुलमोहर! कहीं देश के ठेकेदार बने खास किस्म के लोग तुम्हें भी विदेशी न बोल दें। लेकिन ऐसी बातों पर बहुत ज्यादा चिंता न करो!

गोपेश्वर से जैसे चमोली के लिए मोटरसाइकिल पर जाता हूं तो सड़क पर गुलमोहर के खूब सारे नीले-नीले फूल बिखरे होते हैं। लगता है, इस अजनबी शहर में कोई तो है जो हमारी राह में फूल बिछाए खड़ा है कि आओ प्यारे, इस जगह तुम्हारा स्वागत है। काहे अकुलाए और खिसियाए हुए दिख रहे हो और मोटरसाइकिल पर पर सरपट दौड़े जा रहे हो! चिंता न करोज काम गंभीर जरूर है, पर जरूरी तो नहीं कि हर वक्त अपनी शक्ल पर बारह बजाए रखा जाए। खुश हो जा प्यारेज कि नीले रंग ही सही, पर कितने खूबसूरत तरीके से खिलाया है मैंने इन्हें। दरअसल, इन्हें मैंने बड़े नाजों से पाला है! बस तुम्हारे लिए बिछाए हैं मैंने ये।

इसके बाद मैं एक गहरी सांस लेता हूं और मन ही मन यह कहता हूं कि सच तो कह रहे हो दोस्त! काम के साथ थोड़ा मुस्कराया भी जा सकता है। खेला जा सकता है, गाना गाया जा सकता है, चंद अल्फाजों को लिखा जा सकता है। कितना कुछ किया जा सकता है, लेकिन आखिर क्यों कुछ गुम-सा हो गया लगता रहता है!

इस तपती दोपहरी में कितना कुछ अनकहे ही कह जाते हो गुलमोहर! किसने लगाया होगा तुम्हेंज कैसे पाला होगा इस सर्पीली सड़क के किनारे! कितना ध्यान रखना पड़ा होगा! एक ही नजर में यह साफ हो जाता है कि बहुत मेहनत लगी होगी तुम्हें पनपने और पनपाने में। हम कहां इतनी मेहनत कर पाते हैं। हालांकि यह जरूर लगता रहता है कि मेहनत करनी तो चाहिए। चलोज थोड़ा तुम्हें ही समझने में मेहनत कर ली जाए।

तो गुलमोहर बाबू, मुझे यही पता है कि तुम्हारा जन्म स्थान ब्राजील है, लेकिन तुम यहां गोपेश्वर कैसे आए होगे! खैर, तुम्हारे फूलों से यही लग रहा है कि तुम्हें भी मेरी तरह गोपेश्वर बहुत पसंद आ रहा है। सुना है कि तुम्हारे पुरखों को भारत आए फिलहाल दो सौ साल ही हुए हैं। तो अभी समाज में जैसा



मौसम चल रहा है, उसे देखते हुए मेरी एक सलाह है कि खबरदार हो जाओ गुलमोहर! कहीं देश के ठेकेदार बने खास किस्म के लोग तुम्हें भी विदेशी न बोल दें। लेकिन ऐसी बातों पर बहुत ज्यादा चिंता न करो! यहां के आम लोगों ने तुम्हारे फूलों का उपयोग कृष्ण की मूरत को सजाने में कर लिया है। तभी तो तुम्हें कृष्ण-चूड भी कहते हैं।

सुनो यारज लेकिन तुम्हारे नजदीक जब अपनी मोटरसाइकिल पर आते ही ये कीड़े-मकोड़े तेज गति से नाक, कान, आंख में घुसते हैं न, वह जरा खराब लगता है। लेकिन जब तुम्हारी जासूसी यानी तुम्हारे बारे में तथ्यों की जानकारी हासिल की तो पता लगा कि तुम तो सड़क-किनारे खड़े भरी पूरी शहद की फैक्ट्री हो यार! खूब शहद होता है तुम्हारे फूलों में। यह अलग बात है कि वह शहद कैसे और कहां इस्तेमाल होता है। अभी तक यही जाना है कि तुम्हारी शाखाओं में फूल लगते ही मधुमक्खियां डेरा डाल देती हैं यहां। हम तुम्हें गुलमोहर बुलाते हैं। वह भी नीला गुलमोहर। लेकिन तुम्हारा ब्राजीली नाम जैकरंडा है और ये वनस्पति विज्ञानी तुम्हें जैकरंडा मिमोसिफोलिया ही कहते हैं। हम भारतीय भी गजब के हैं न! चीज कहीं की भी हो नामकरण संस्कार जरूर कर लेते हैं। वह अपने इलाके और भाषा की सुविधा के साथ। तभी शायद तुम्हारा नाम बंगाल के लोगों ने 'कृष्णचुरा' तो कन्नड़ में 'केम्पू तोराई' रख दिया। तुम्हें इतने नामों से कभी गुदगुदी नहीं लगती क्या! वैसे सुना है तुम तो 'कैसलपिननियासी' परिवार के हो और तुम्हारा बॉटनिकल नाम 'जैकरंडा मिमोसिफोलिया' है। और बाबू मोशाय, तुम तो पांच साल के होते ही फूलों से गुलजार होने लगते हो। तुम्हारे फूलों के बाद फल भी तो मनमोहक लगते हैं। बल्कि मैं इन्हें फल के बजाय बीजों की टोकरी कहूंगा तो ज्यादा बेहतर होगा। करीब-करीब किसी सीपी की तरह होते हैं तुम्हारे फूल। और जब खुलते हैं तो दर्जनों बीजों को फैला देते हो तुम धरती पर, ताकि खूब सारे फूल खिलें इस धरती को सुंदर बनाने के लिए। वैसे 1978 में बनी फिल्म 'देवता' में गुलजार साहब ने तुम पर बहुत ही रूमानियत भरा गीत लिखा है। पता है न तुम्हें! अरे वहीं गीत- 'गुलमोहर तुम्हारा नाम होता, मौसमे गुल को हंसाना भी हमारा काम होता



# अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर से की सगाई

अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने आज फैंस के साथ एक खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर के साथ सगाई की है। अंशुला ने खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए रोहन और अपनी लव स्टोरी भी फैंस के साथ शेयर की है। उन्होंने बताया कि दोनों की मुलाकात एक एप के जरिए हुई। कपल ने न्यूयॉर्क में सगाई की है। अंशुला ने इंस्टाग्राम अकाउंट से सगाई की फोटोज शेयर की हैं। इनमें वे और रोहन मंगनी की अंगूठियां फ्लॉन्ट करते दिख रहे हैं। रोहन ने घुटनों के बल बैठकर फिल्मी स्टाइल में अंशुला को रिंग पहनाई और इसके बाद दोनों एक-दूजे को चूमते दिखे। अंशुला ने तस्वीरों के साथ अपनी और रोहन की लव स्टोरी शेयर की है।

**कैसे हुई पहली मुलाकात और बात**

अंशुला ने लिखा है, हमारी मुलाकात एक एप पर हुई थी। मंगलवार को 1.15 बजे अचानक बात करना शुरू किया। हम उस सुबह 6 बजे तक बातें करते रहे और किसी तरह, तब भी, ऐसा लगा कि किसी ऐसी चीज की शुरुआत हो रही है, जो मायने रखती है। तीन साल बाद, मेरे पसंदीदा शहर में, सेंट्रल पार्क में महल के सामने उसने मुझे प्रपोज किया! ठीक 1.15 बजे भारती समय पर। किसी तरह दुनिया ने उस पल को जादू जैसा महसूस करने के लिए बस इतना समय रोका।

**2022 से रिलेशनशिप में अंशुला-रोहन**

अंशुला ने आगे लिखा है, रोहन का प्यार बस एक शांत तरह का प्यार, जो घर जैसा लगता है। मैं कभी भी परियों की कहानियों में विश्वास करने वाली लड़की नहीं रही... लेकिन रोहन ने मुझे उस दिन, जो दिया वह बेहतर था, क्योंकि यह जानबूझकर किया गया था। सोच-समझकर। उसने प्रपोज किया और मैंने हां कह दिया। आंसू, कांपती हंसी और उस तरह की खुशी के साथ, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती, क्योंकि 2022 से, यह हमेशा तुम ही हो।

अंशुला ने आगे लिखा है, मैं अपने सबसे अच्छे दोस्त से सगाई कर रही हूं! मेरा सबसे सुरक्षित ठिकाना। मेरा अपना। मेरा पसंदीदा शख्स, पसंदीदा शहर और अब, मेरा पसंदीदा हां! अंशुला ने आगे लिखा है, हमारी पहली मुलाकात बर्गर के प्यार के ईर्द-गिर्द थी, इसलिए सगाई के बाद पहला मील। अंशुला को फैंस बधाईयां दे रहे हैं।



# वीर पहाड़िया को डेट कर रही हैं तारा सुतारिया?



तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में दोनों स्टार्स की लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट्स के बाद डेटिंग की खबरें और भी तेज हो गई हैं। हालांकि, इस मामले में तारा और वीर की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। वीर पहाड़िया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह इटली के एक यॉट पर पोज देते हुए नजर आ रहे थे। उनके पीछे एक बड़ा सा पहाड़ दिखाई दे रहा था। इसके कुछ ही देर बाद तारा सुतारिया ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें पहाड़ और समुद्र का खूबसूरत नज़ारा दिखाई दे रहा था। इन दोनों पोस्ट्स के सामने आने के बाद फैंस कयास लगाने लगे कि तारा और वीर साथ में वेकेशन पर गए हैं।

बता दें, इससे पहले वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया ने लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वॉक किया था। इसके बाद दोनों को एक पॉश रेस्टोरेंट में डिनर करते हुए स्पॉट किया गय। यहीं से दोनों के डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई।

### बादशाह के साथ भी जुड़ चुका है तारा का नाम

बता दें, रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 15' के सेट से बादशाह और तारा सुतारिया के बीच डेटिंग की खबरें शुरू हुईं। जब शिल्पा शेट्टी ने मजाकिया अंदाज में तारा सुतारिया का नाम लेकर बादशाह को चिढ़ाया था। इस पर रैपर शर्मा गए, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जाने लगे कि तारा और बादशाह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

### 2023 में हुआ था तारा और आदर का ब्रेकअप

बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

### सारा अली खान को भी डेट कर चुके हैं वीर

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के नाती वीर पहरिया सारा अली खान को डेट कर चुके हैं। 2018 में एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में सारा अली खान ने इस रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। सारा ने इंटरव्यू में कहा था, वह (वीर) इकलौता लड़का है, जिसे मैंने डेट किया है। उनके अलावा मेरी जिंदगी में कोई ब्वॉयफ्रेंड नहीं रहा।



# मैं इंडिया और हिंदी फिल्मों को बहुत मिस करती हूं

बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' और अब हॉलीवुड की सुपरस्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा के दिल की बात एक बार फिर खुलकर सामने आई है। भले ही वो हॉलीवुड में लगातार झंडे गाड़ रही हों, लेकिन उनका दिल अब भी भारत और बॉलीवुड के करीब ही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उन्हें बॉलीवुड की बहुत याद आती है और इस साल वो भारत में एक नई फिल्म की शूटिंग भी शुरू करेंगी।

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी हालिया हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन के दौरान जब भारतीय मीडिया से बात की, तो उन्होंने खुलकर अपनी बात कही। प्रियंका ने बातचीत करते हुए कहा, 'मैं हिंदी सिनेमा को बहुत मिस करती हूं और भारत को भी।' इस बयान ने उनके चाहने वालों के दिलों में उम्मीद जगा दी है कि वो जल्द बड़े पर्दे पर एक बार फिर देसी अंदाज में नजर आएंगी।

### एस एस राजामौली की फिल्म से होगी वापसी

प्रियंका भारत में जिन प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साहित हैं, उनमें सबसे बड़ा नाम निर्देशक एस.एस. राजामौली की आगामी फिल्म SSMB29 का है। इस मेगा बजट फिल्म में उनके साथ साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारे नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो ये एक माइथोलॉजिकल थ्रिलर होगी, जिसकी शूटिंग इस साल की शुरुआत में ओडिशा में शुरू भी हो चुकी है।

### जी ले जरा में भी करेंगी धमाल?

इसके अलावा, प्रियंका फरहान अख्तर की मच अवेटेड फिल्म 'जी ले जरा' में भी नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ को भी कास्ट किया गया है। हालांकि फिल्म की शूटिंग डेट्स को लेकर काफी उथल-पुथल चल रही है, लेकिन मेकर्स अब भी इस प्रोजेक्ट को लेकर आशावान हैं।

### रामायण करने से किया इनकार

प्रियंका को नितेश तिवारी की भव्य फिल्म रामायण के लिए भी अप्रोच किया गया था। लेकिन खबरों के मुताबिक, उन्होंने इस प्रोजेक्ट को मना कर दिया क्योंकि उनके पास पहले से इंटरनेशनल कमिटमेंट्स हैं। इससे साफ है कि प्रियंका फिलहाल अपने शेड्यूल को संतुलित रखते हुए बॉलीवुड में वापसी की योजना बना रही हैं।

### फैंस में जगी उम्मीद

प्रियंका के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनके फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई है। 'देसी गर्ल' को फिर से भारतीय पर्दे पर देखने की उम्मीदें अब और प्रबल हो गई हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा आज ग्लोबल लेवल पर एक बड़ा नाम बन चुकी हैं, लेकिन उनका दिल आज भी भारत में ही बसता है। उनके बयान से साफ है कि वो अपने रूट्स को नहीं भूलीं और जल्द ही हिंदी सिनेमा में अपनी वापसी से एक बार फिर तहलका मचाने को तैयार हैं।

# 'मेट्रो इन दिनों' ऑफर होने पर चौंक गई थीं कोंकणा



**फिल्में चुनने में बेहद सजग और अपनी अलग सोच के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा जल्द ही अनुराग बसु की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आ रही हैं। खास बातचीत में कोंकणा ने न सिर्फ इस फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा किए, बल्कि अपने करियर, सोच और निर्देशन के सफर पर भी बेबाकी से बात की।**

जब अनुराग का कॉल आया कि वो मेट्रो इन दिनों बना रहे हैं और मुझे उसमें कास्ट करना चाहते हैं, तो मैं चौंक गई। मुझे नहीं पता था कि वो लाइफ इन अ मेट्रो जैसी किसी फिल्म पर दोबारा काम कर रहे हैं। लेकिन जैसे ही उन्होंने स्क्रिप्ट का जिक्र किया तो दिल से बस एक ही बात निकली- हां। इससे पहले मैंने कभी किसी सीक्वल में काम नहीं किया था और वो भी अनुराग दा के साथ? तो ये मेरे लिए किसी तोहफे से कम नहीं था।

### 17 साल बाद अनुराग बसु के साथ दोबारा काम करने का अनुभव कैसा रहा?

अनुराग दा के साथ काम करना किसी पुरानी दोस्ती में फिर से लौट जाने जैसा था। ना वो बदले, ना मैं। हां, हमारे जीवन में जरूर बदलाव आए। अब मेरा बेटा 14 साल का हो गया है। लेकिन हमारी सोच, जुड़ाव और काम का तरीका, सब वैसा ही रहा। उनके साथ काम करना हमेशा बहुत सहज होता है।

### पंकज त्रिपाठी जैसे कलाकार के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करना कैसा रहा?

पंकज त्रिपाठी के साथ ये मेरी पहली फिल्म थी, और कहना होगा- वो जितने अच्छे एक्टर हैं, उतने ही अच्छे इंसान भी हैं। स्क्रिप्ट में जो ह्यूमर था, उसे वो अपने अंदाज से और भी जिंदा कर देते हैं। उनके साथ काम करते हुए कभी कोई बनावटीपन महसूस नहीं होता। ऐसा लगता है जैसे किसी पुराने दोस्त से बात हो रही हो। उनके अभिनय में जो गहराई और सच्चाई है, वो काबिले-तारीफ है।

### आपने स्क्रीन पर हमेशा गंभीर और गहराई से भरे किरदार निभाए हैं। क्या कभी टाइपकास्ट महसूस किया?

कई बार लोगों ने कहा कि मैं सीरियस किरदार ही ज्यादा करती हूं और शायद करियर की शुरुआत में ही मैं टाइपकास्ट भी हो गई थी। लेकिन बेटे के जन्म के बाद जैसे किरदार मिले, वो ज्यादा अधूरे और असली थे। अब मैं ऐसी महिलाओं का रोल करना पसंद करती हूं जो गलतियां करती हैं और कमजोर हैं क्योंकि वो असली हैं।

### आपने फिल्में भी डायरेक्ट की हैं। एक महिला डायरेक्टर के तौर पर कैसी चुनौतियों का सामना किया?

डायरेक्शन की बात करूं तो, मुझे कभी किसी भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ा। शायद इसलिए क्योंकि मैं पहले से एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस थी, लेकिन मेरी फिल्म का विषय थोड़ा असहज था। शायद इसी वजह से कुछ लोग उससे पूरी तरह जुड़ नहीं पाए। फिर भी, मैंने वही फिल्म बनाई जो मैं बनाना चाहती थी, बिना किसी समझौते के। हां, मैं मानती हूं कि इस इंडस्ट्री में और भी ज्यादा महिलाओं को आना चाहिए- डायरेक्शन, लेखन, कैमरा, एडिटिंग हर जगह। क्योंकि जब औरतें कहानियां कहती हैं तो उसमें एक नया नजरिया, गहराई और खास किस्म की ताजगी आती है।



# राम बनाम रावण की अमर कहानी रामायण का हिस्सा बनने पर गर्व है

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल ने डायरेक्टर नितेश तिवारी की आने वाली बड़ी फिल्म रामायण में अपने किरदार भगवान हनुमान को लेकर अपने विचार और अनुभव साझा किए हैं। सनी ने फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बन रहे हैं, जिसने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला प्रोमो वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मुझे गर्व है कि मैं इस कहानी का हिस्सा हूं, जिसने कई पीढ़ियों को बनाया है। स्वागत है नमित मल्होत्रा की रामायण की दुनिया में, जो राम बनाम रावण की अमर कहानी है। मैं आभारी हूं कि मुझे इस रास्ते पर चलने और आप सबके साथ इसे साझा करने का मौका मिला।

उन्होंने लिखा, आइए इस खास पल को मिलकर मनाएं और साथ में वर्ल्ड ऑफ रामायणा की दुनिया में कदम रखें। यह हमारी सच्चाई है। हमारा इतिहास है। बता दें कि गुरुवार को मेकर्स ने रामायण का प्रोमो वीडियो शेयर किया, जिसमें रावण के अवतार में केजीएफ फेम सुपरस्टार यश की झलक देखने को मिली। वीडियो की शुरुआत भगवान ब्रह्मा, विष्णु और शिव के शक्तिशाली चित्रण से होती है, जो पूरे ब्रह्मांड को चलाते हैं। फिर एनिमेशन के जरिए मुख्य पात्रों को दिखाया जाता है -भगवान श्रीराम के रूप में रणबीर कपूर, माता सीता के किरदार में साई पल्लवी और रावण की भूमिका में यश।

इस प्रोमो वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, दस साल की मेहनत और लगन के बाद, हमने दुनिया के सामने सबसे महान महाकाव्य रामायण को लाने का सपना पूरा किया है। इस फिल्म को बनाने में दुनिया के बेहतरीन लोगों ने मिलकर काम किया है, ताकि रामायण को आदर और सम्मान के साथ दिखाया जा सके। आपका स्वागत हैज आइए मिलकर राम बनाम रावण की अमर कहानी का जश्न मनाएं। फिल्म में लक्ष्मण का रोल रवि दुबे निभा रहे हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा के रोल में हैं। काजल अग्रवाल मंदोदरी और लारा दत्ता कैकई की भूमिका निभाएंगी। अरुण गोविल इसमें राजा दशरथ बने हैं। फिल्म सिर्फ एक भाग में नहीं, बल्कि दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला भाग दिवाली 2026 में आएगा और दूसरा भाग 2027 की दिवाली पर रिलीज होगा। रामायण को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और आठ बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डीएनईजी प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में रावण का किरदार निभाने के साथ-साथ यश सह-निर्माता भी हैं। फिल्म करीब 835 करोड़ रुपए के बजट से तैयार हुई है, जिससे यह अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म मानी जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और सभी बेसब्री से इसके रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं।



# कुचामन की 19 माह की विदिशा ने रचा कीर्तिमान, 100 से अधिक चीजों की पहचान कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी** कहते हैं प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, और इसका सजीव प्रमाण बनी है कुचामन सिटी की 1 साल 7 माह की नन्हीं बालिका विदिशा अग्रवाल, जिसने अपनी विलक्षण स्मरणशक्ति और तीव्र बुद्धि से इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2025 में अपना नाम दर्ज करवाकर पूरे नगर को गौरवान्वित किया है। विदिशा अग्रवाल, कुचामन सिटी के शेखराजका की गली निवासी सुनील शेखराजका की पौत्री हैं। परिवारजनों के अनुसार, हाल ही में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आयोजित एक विशेष प्रतिभा मूल्यांकन कार्यक्रम में विदिशा ने 100 से ज्यादा वस्तुओं की पहचान कर उनका नाम बिना झिझक के बताए। विदिशा ने सब्जियों, फलों, जानवरों,




पक्षियों, वाहनों, रंगों, शरीर के अंगों, नंबरों, स्वतंत्रता सेनानियों, विभिन्न पेशों और रोजमर्रा की चीजों की सहजता से पहचान की। उदाहरण के तौर पर, उसने टमाटर, आलू, गाजर जैसी सब्जियों से लेकर आम, केला, सेब जैसे फलों को भी पहचाना। इसके अलावा शेर, हाथी, बंदर जैसे जानवर, बस, कार, बाइक जैसी गाड़ियाँ, तथा डॉक्टर, टीचर और पुलिस जैसे प्रोफेशन भी बड़ी आसानी से बताए। इतना ही नहीं, विदिशा ने 1 से 100 तक की गिनती, आंख, नाक, कान जैसे शरीर के अंग, और भगत सिंह, महात्मा गांधी जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को भी पहचाना। बच्ची की इस अद्भुत क्षमता को देखते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने उसे विजेता घोषित किया और प्रशस्ति पत्र भेजा। परिवारजनों ने बताया कि आने वाले दिनों में आयोजित एक कार्यक्रम में विदिशा को औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। विदिशा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर परिवार में खुशी की लहर है। बड़े दादा कैलाश शेखराजका, बड़ी दादी शीतल शेखराजका, दादा सुनील शेखराजका, दादी संतोष शेखराजका, छोटे दादा मनोज शेखराजका, छोटी दादी राधा, पिता विजय और माता शालू अग्रवाल ने बेटी की इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की है। परिवार ने यह भी बताया कि विदिशा,आम बच्चों से बिल्कुल अलग है और उसकी बौद्धिक क्षमता दूसरों से ज्यादा है । दूसरी और इतनी छोटी उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि ने विदिशा को न केवल परिवार की बल्कि कुचामन सिटी की शान बना दिया है। विदिशा की यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि यदि बच्चों को सही दिशा, प्रोत्साहन और वातावरण मिले तो वे किसी भी उम्र में असाधारण मुकाम हासिल कर सकते हैं।

## ध्वज पूजन के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**मारोठ।** मिंडा कस्बे में योगनिष्ठ बचन राम महाराज की तपोस्थली बचनाश्रम बगीची में ध्वज पूजन के साथ तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा पर्व का शुभारंभ किया गया। पीठाधीश केशवानंद महाराज ने वैदिक मंत्रो के साथ ध्वज पूजन किया । महाराज के सानिध्य में सत्संग ,भजन ,मंत्र दीक्षा ,शोभायात्रा व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा पर्व पर जयपुर आकोला जोधपुर दिवराला सीकर मकराना कुचामन सहित आस पास के गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेलो को लेकर बचन आश्रम सेवा समिति व कार्यकर्ता दिन रात तैयारियों में जुट रहे हैं । आश्रम को रंग बिरंगी लाईट व पताकाओं फरियों द्वारा सजाया जा रहा है। इस बार रामद्वारा से शोभा यात्रा दीवान वाला मैदान, मुख्य बाज़ार, कबूतर निवास से होते हुए बगीची पहुंचेगी । कस्बे के देदिया का बास में भी अमन पूरी महाराज के सानिध्य में चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में गुरु पूजन के साथ भड़ारे का आयोजन किया जाएगा ।दस जुलाई को गुरु पूर्णिमा है ! इस दिन विभिन्न मठों ,आश्रमों व गुरुद्वारों में गुरु पूजन के साथ पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

## अधिकारी के डंडे में झंडा हमारा लगा हुआ- गहलोत पर बरसे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़




जयपुर टाइम्स

**जयपुर** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हालिया बयान पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि अधिकारी कोई भी हो, लेकिन उस पर नियंत्रण रखने वाली सरकार होती है और आज राजस्थान में भाजपा की सरकार है। राठौड़ ने तंज कसते हुए कहा, "आज अधिकारी के डंडे में झंडा हमारा लगा हुआ है, कांग्रेस का झंडा निकल गया है। अब काम भी हमारी सोच और दिशा के अनुसार ही होगा।" मदन राठौड़ मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गहलोत की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी जिसमें कहा गया था कि वर्तमान सरकार में कांग्रेस के नियुक्त अधिकारी ही प्रमुख पदों पर हैं। इस पर राठौड़ ने कहा, "अधिकारी को चाहे जहां भेज दो, वो अधिकारी ही रहेगा, लेकिन उसे दिशा देने वाली सरकार आज भाजपा की है और वह सही तरीके से काम कर रही है।" अधिकारियों की भूमिका पर बात करते हुए राठौड़ ने एक उदाहरण देते हुए कहा, "जैसे एक तगड़ा घोड़ा होता है और सवार उसे जैसे हांकता है, वैसा ही वह चलता है। वैसे ही अधिकारी भी सरकार की दिशा में काम करते हैं।" बजरी माफिया के मुद्दे पर भी राठौड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह माफिया कांग्रेस की ही देन है। "हमने कई बार पूर्ववर्ती सरकार से कहा था कि बजरी खनन के लिए ठेके दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अपने ही लोगों को बचाने के लिए ठेके नहीं दिए। कांग्रेस की सरकार में ही बजरी का अवैध कारोबार फला-फूला।" गहलोत के बयानों पर कटाक्ष करते हुए राठौड़ ने कहा, "उन्हें लगता है कि अगर वे हमलावर नहीं होंगे तो उनकी राजनीतिक जमीन खिसक जाएगी। इसीलिए वे 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' देख रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा थे, हैं और रहेंगे।"

## नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होमियोपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोटपूतली** कस्बे के राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में मंगलवार को एक दिवसीय आयुर्वेद एवं होमियोपैथी नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की समस्त व्यवस्था स्व. मदनलाल गुप्ता की स्मृति में उनके परिजन डॉ. नेहा गुप्ता व नवीन गुप्ता द्वारा की गई। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मदन लाल शर्मा, डॉ. रमेश आर्य, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. सुधा शर्मा एवं होमियोपैथी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. नेहा गुप्ता, डॉ. संजय चौधरी ने अपनी सेवायें प्रदान की। विनोदी लाल शर्मा, रविकान्त शर्मा, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र वर्मा, राकेश व देवकी शर्मा ने औषधी व्यवस्था सम्भाली। शिविर में 164 रोगियों ने आयुर्वेद तथा 153 रोगियों में होमियोपैथी चिकित्सा का लाभ प्राप्त किया।

## एसडीएम कुम्हार के निर्देशन में बेसहारा पशुओं पकड़ने अभियान हुआ शुरू



### नगरपालिका ने 12 नंदीयों को गौशाला में भेजा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर** शहर में घुमंतू बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के लिए उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार के आदेशानुसार नगरपालिका प्रशासन ने व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया गया। पालिका क्षेत्र में विसरण करने वाले निराश्रित नंदियो को गौशाला भेजने का अभियान शुरू किया गया। अधिशाषी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित के निर्देशानुसार स्वास्थ्य निरीक्षक यशवंत परिहार के नेतृत्व में कुलदीप नेहरा, राजेश जमादार और कर्मचारियों द्वारा शहर के जवाई बांध रोड पर विसरण कर रहे नंदियों को पालिका दस्ते की ओर से रात्रि के समय पकड़ कर जाखानगर नंदी गौशाला में पहुंचाया गया। राजपुरोहित ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। इस अभियान को लेकर अधिशाषी अधिकारी ने आमजन से अपील की गई कि अपने पशुओं को खुला नहीं छोड़े अन्यथा पकड़े जाने पर पेनल्टी लगाई जाएगी। शहर में चलाए गए अभियान के तहत पालिका टीम ने 12 नंदी को पड़कर नंदी गौशाला में भेजा गया। एसडीएम कुम्हार के आदेशानुसार नगर पालिका के कर्मचारियों ने गत रात्रि अभियान चलाकर बेसहारा पशुओं को पकड़ने और उनको नंदीशाला में भेजने का काम शुरू किया। शहर के जवाई बांध रोड से बेसहारा पशुओं इनको शहर से बाहर नंदीशाला में भिजवाया गया। उपखंड प्रशासन एवं पालिका प्रशासन द्वारा चलाए गए अभियान को लेकर नगर वासियों ने आभार जताया।

## नांवा के होनहारों ने बढ़ाया मान, मस्जिद चौक पर हुआ भव्य सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स



**नांवा सिटी।** नांवा में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में नावा शहर के युवाओं ने शानदार उपलब्धियां हासिल करते हुए पूरे शहर का नाम रोशन किया है। ष्ट्र.. परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों—ध्रुव पटनी, याकिता जोशी, गिरिश बंसल एवं मोहम्मद शाहिद—ने न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे नावा शहर का गौरव बढ़ाया है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सोहेल खान एवं जावेद खान ने खेल जगत में नावा का नाम देशभर में रोशन किया है। इन उपलब्धियों से उत्साहित होकर शहरवासियों ने मोहम्मद साहिल पुत्र सलीम शाह ,सोहेल पुत्र जावेद खान का इमाम चौक स्थित जामा मस्जिद में भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें साफा पहनाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी समाजों के लोगों की उपस्थिति ने समरसता और एकता का संदेश दिया। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद राजा, रिटायर्ड तहसीलदार भंवरू खान, मुस्लिम समाज के सदर सलीम खान, पगलिया वाला बाबा के संयोजक बाबूलाल दुबले, मोहम्मद साहिल के गुरु हरिओम शर्मा , नावा सोशल सर्विस सोसायटी के उपाध्यक्ष नरेंद्र देव टेलर, पार्षद अवधेश पारिक, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह राठौड़, एडवोकेट अशोक सैनी, समाजसेवी वेणुगोपाल रुठला, मानव सेवा हेतु समर्पित शकील खान (जो 24 घंटे नि:शुल्क एंबुलेंस व चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराते हैं), दिलीप , मुस्लिम समाज के उपसदर गुलाम रसूल खान, खजांची लुकमान शाह, मसल्स जिम संचालक सोहेल पठान, समाजसेवी मकबूल खान, इब्राहिम पठान, अंसार अली, शहजाद अली, अरमान खान, अब्रार खान, लाला कुरैशी ,कायम अली सैयद आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस आयोजन ने नावा शहर के युवाओं को प्रेरणा दी है कि अगर लगन और मेहनत हो, तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। शहरवासियों ने इन प्रतिभाओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कार्य विभाजन के विरोध में राज्य मंत्रालयिक महासंघ संघर्ष समिति का प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स





**नांवासिटी।** नावां में राज्य मंत्रालयिक महासंघ संघर्ष समिति, ब्लॉक नांवा द्वारा आज 08 जुलाई को उप-शासन सचिवालय, जयपुर द्वारा दिनांक 02 जुलाई 2025 को जारी पत्र, जिसमें संस्थापन अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी के कार्य विभाजन का उल्लेख है, के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष फिरोज खान (अति. प्रशासनिक अधिकारी) के नेतृत्व एवं सानिध्य में आयोजित किया गया। प्रदर्शन में भाग लेने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों में प्रमुख रूप से हीरालाल (प्रशासनिक अधिकारी), दौलत सिंह (अति. प्रशासनिक अधिकारी), रमजान मोहम्मद (अति. प्रशासनिक अधिकारी), धर्मेन्द्र कुमार (सहायक प्रशासनिक अधिकारी), विक्रम सिंह,भंवरराज सिंह, प्रहलाद, ईश्वर सिंह, अरमान कुमावत,राजवीर सिंह, लोकेश शर्मा, मोहम्मद रफीक, यमन माथुर, मुकेश गेणा (सभी वरिष्ठ सहायक), बनवारी लाल,निर्मला ढाका, छोटी देवी (कनिष्ठ सहायक) आदि उपस्थित रहे। सभी उपस्थित कर्मचारियों ने एक स्वर में उक्त पत्र को कर्मचारी हितों के विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की और कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा।

## राजस्थान में मानसून की मेहरबानी- 15 दिन की बारिश से 21 बांध लबालब, अब फिर 15 दिन का अलर्ट



जयपुर टाइम्स

**जयपुर** राजस्थान में इस साल मानसून समय से सात दिन पहले पहुंचा और आते ही जमकर मेहरबान हुआ। महज 15 दिनों में पूरे जून महीने की औसत से दोगुनी बारिश दर्ज की गई, जिससे प्रदेश के 21 बड़े बांध पूरी तरह भर चुके हैं और 95 सूखे बांधों में भी पानी की आवक शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने अगले दो हफ्तों के लिए भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिससे राहत के साथ-साथ सतर्कता की भी जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार, जून में औसतन 55रू बारिश होती है, लेकिन इस बार 125.3रू बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 128% ज्यादा है। मानसून की दोनों ब्रांच – अरब सागर और बंगाल की खाड़ी – पूरी तरह सक्रिय हैं, जिससे प्रदेश के लगभग सभी क्षेत्रों में लगातार वर्षा हो रही है। कोटा बैराज में जून में ही गेट खोलने पड़े, जो सामान्यतः जुलाई में होते हैं। बीसलपुर बांध में भी 16 जून से ही पानी की आवक शुरू हो गई थी। प्रदेश के प्रमुख जलाशयों में जलस्तर में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। जून में सबसे ज्यादा बारिश बारां जिले में 390.4रू दर्ज की गई, जो औसत से 284% ज्यादा है। इसके बाद बांसवाड़ा में 274.3रू, चित्तौड़गढ़ में भी भारी वर्षा हुई। यहां तीन दिन पहले बारिश के बाद सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया था। यह मानसून मरुस्थलीय जिलों जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर के लिए भी राहत लेकर आया। जैसलमेर में औसत से 53%, बाड़मेर में 27% और बीकानेर में 2% ज्यादा बारिश दर्ज की गई। राज्य के 692 जलाशयों में से पहले केवल 7 फुल थे, लेकिन अब 28 बांध भर चुके हैं, जिनमें से 21 केवल 15 दिनों की बारिश में ही लबालब हो गए। हालांकि अभी भी 292 बांध ऐसे हैं जो पूरी तरह सूखे हैं, लेकिन मौसम विभाग के अगले 15 दिन के भारी बारिश के अनुमान से उम्मीद है कि इनमें भी जल्द ही सुधार होगा।

## बरड़ासर में स्वामी के चयन पर गांव में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान कालेज शिक्षा परीक्षा 2023 में गांव बरड़ासर के आकाश स्वामी ने 21वां स्थान प्राप्त किया है। स्वामी आईआईटी मुंबई से पीजी करने के अलावा आरपीएससी प्राध्यापक भौतिक विज्ञान परीक्षा 2022 में प्रदेश में प्रथम स्थान, पीजीटी भौतिक विज्ञान परीक्षा 2022 केन्द्रीय विद्यालय उत्तीर्ण, जेम परीक्षा आल इंडिया 34 वीं रेंक, नेट जेआरएफ आल इंडिया 15 वीं रेंक, गेट परीक्षा आल इंडिया 3 वीं रेंक प्राप्त कर चुके हैं। आकाश स्वामी वर्तमान में जाम्बा की ढाणी फलौदी में स्कूल लेक्चरर्स भौतिक विज्ञान के पद पर कार्यरत हैं। स्वामी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों व नियमित अध्ययन को दिया। आकाश के पिता पीरदास स्वामी खिलेरिया में प्राचार्य पद पर और चाचा ओमप्रकाश स्वामी मीतासर में प्राचार्य पद पर कार्यरत है। माता मनीता स्वामी एमए, बीएड है। गांव में स्वामी के असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर बधाई दी।

## प्रतिभाओं को प्रोत्साहन बेहद आवश्यक- डीएसपी बुरड़क

### अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एण्ड फॉयर गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाले हैड कानि. छगन मीणा का भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली** अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एण्ड फॉयर गेम्स 2025 में 77 किलो भार वर्ग की अर्न्तराष्ट्रीय कुती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले राजस्थान पुलिस के हैड कानि. छगन मीणा का मंगलवार को स्वदेश लौटने पर राजमार्ग स्थित मीणा छात्रावास में राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ की तहसील कोटपूतली व पावटा ईकाई द्वारा संयुक्त रूप से भव्य स्वागत किया गया। इस



मौके पर मीणा समाज के पंच पटेलों ने हैड कानि. छगन का माला, साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में षिरकत करते हुये बतौर मुख्य अतिथि डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क ने पुलिस जवान को बधाई देते हुये अपार हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का हमेशा प्रोत्साहन करना चाहिये, इससे उन्हें जीवन में निरन्तर आगे बढ़कर सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही युवा पीढ़ी भी इससे प्रोत्साहित होती है। अध्यक्षता करते हुये मीणा समाज के तहसील अध्यक्ष इंजी. दिनेश मीणा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि किसी भी समाज की प्रगति में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियां भी समान रूप से भागीदार होती है। इस दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी महेष चंद मीणा ने अभिनंदन कार्यक्रम में मार्गदर्षन प्रदान किया। साथ ही हैड कानि. छगन मीणा को 11 हजार रूपयों की माला भी पहनाई गई। कार्यक्रम में पहलवान नरेन्द्र कुमार का भी स्वागत किया गया। संचालन हरचन्द मीणा ने किया। इस दौरान कल्याण सहाय मीणा, शैतान सिंह, शिम्भुदयाल, रामनिवास, अभय सिंह, युधिष्ठर कुमार, दिलीप, कबूल चंद, रामावतार, पूर्व सरपंच रामकरण, जयराम, ईष्वर लाल, कमल नारेहड़ा, विजय कुमार, जगदीष चन्द्र, रामकुंवार, महेष छाजाला, गुमान राम, रतिराम रघुनाथपुरा, सीबीईओ भागीरथ मीणा, भैंरूराम मीणा, मथुरा प्रसाद मीणा समेत मीणा समाज के पंच पटेल मौजूद रहे।

# पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्यकर्ता कार्य करें जवाहर सिंह बेडम

## पार्टी का हर कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि- राजवीर सिंह राजावत

**धौलपुर(निसं.)** जिला भाजपा कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक एवं बी एल ए 2 की जिला बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजवात ने क्री विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम , पूर्व प्रदेश मंत्री भानु प्रताप सिंह, पूर्व विधायक मनोरमा सिंह, पूर्व विधायक सुखराम कोली, पूर्व विधायक रानी कोली, धौलपुर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा, राजाखेड़ा प्रत्याशी नीरज शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य बिसाम्बर दयाल शर्म, पूर्व जिला अध्यक्ष बांकेलाल लोधा, सत्येंद्र पाराशर मंच पर उपस्थित रहे मां भारती के समक्ष दीप प्रचलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई कार्यक्रम में बोलते हुए जवाहर सिंह वेडम ने कहा कि ङ्घड्ड2 एक महत्वपूर्ण कड़ी है bla2 की नयुक्ति सोच समझकर पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता को ही नियुक्त करें, पार्टी के प्रति सच्ची सेवा समर्पित रूप से कार्य करें वह दिन दूर नहीं आगामी



जिला परिषद एवं नगर परिषद चुनाव में धौलपुर मैं भाजपा का परचम फहराएगा सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट एवं एक मानसिकता के साथ कार्य करना होगा पार्टी को अपनी मां मानकर कार्य करें, जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी जाएगी सभी कार्यकर्ता मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता से बड़ा कोई सम्मान मेरे लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता सर्वोपरि है, इस अवसर परकार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विजय त्यागी ने किया राजीव रस्तोगी, जिला महामंत्री, नवल लोधा, अनिल गोयल, मदन कोली, कमल पहाड़िया, प्रधान दुष्यंत बघेल, वाचा राम बघेल, जयवीर पोसवाल, मुकेश सक्सेना, वंदना शिवहरे, नंदकिशोर शुक्ला, अविनाश शर्मा, सोबरन सिंह गलेथा, भैरव सिंह परमार , मुकेश हनुमान पूरा, bla2 जिला संयोजक डॉ मनोज शर्मा, धीर सिंह जादौन, परमार, प्रदीप सिसोदिया, रणबीर दंडोतिया, मुस्ताक कुरेशी फैसल खान, लाला गलेथा, जितेंद्र तिंवारी, शिवम राजावत, रविंद्र हटवारी, योगेश जादौन, हरेंद्र राव, शशिकांत शर्मा, सत्यम गुप्ता, बनवारी लाल सिसोदिया, राम अवतार त्यागी, धर्म वीर चौधरी, राजकुमार राधेश्याम सक्सेना, विनय परमार, शिवशंकर परिहार, मनोज परमार, कलपना शर्मा, शशि त्यागी, प्रीती अग्रवाल सपना गोयल, बबीता गर्ग, नेहा राघव, शिप्रा गर्ग, मधुसूदन शर्मा, कुमार सिंह, रामकिशोर शर्मा, रामकुमार गर्ग, राम प्रसाद बघेल, राजू गुर्जर, राजकुमार गुर्जर, राम शर्मा, विशाल सिंघल, नरेंद तोमर, विजय श्रीवास्तव, के जी तिवारी, केके शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्कूल के पास अवैध हथियार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़(निसं.)।** हनुमानगढ़ की गोलूवाला थाना पुलिस ने गश्त के दौरान आर्म्स एक्ट के तहत एक कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने देसी पिस्तौल बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक के खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक से हथियार से संबंधित पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार गोलूवाला थाना के एएसआई विजेन्द्र नेहरा के नेतृत्व में गठित टीम गश्त कर रही थी।


### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक- 1315-1329 दिनांक- 26.06.2025

**ई - निविदा सूचना संख्या- 14 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp://eproc.rajasthan.gov.inThttp://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A1622

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB05702 | 2 | PWD2526WSOB05703 |
| 3 | PWD2526WSOB05704 | 4 | PWD2526WSOB05705 |

DIPR/C/9101/2025

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू


## धौलपुर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 28 अप्रैल से शुरू होकर आज दिनांक 8 जुलाई 2025 सरमथुरा-1 सेक्टर में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें जिला परियोजना अधिकारी, CDPO तथा पर्यवेक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को ECCE, व्यवहारिक गतिविधियां, शैक्षणिक अधिगम सामग्री का उपयोग, बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण, आत्मनिर्भरता जैसे विषयो पर जानकारी दी गयी प्रशिक्षण में रोचक शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन, सरमथुरा-1 सेक्टर में समापन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। तथा इस दौरान रॉकेट लर्निंग के जिला कॉर्डिनेटर गायत्री किरार व विशाल गोस्वामी ने प्रशिक्षण दिया। महिला सुपरवाइजर जल देवी मीना उपस्थित रही।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन जारी, यहां होगें अगले शिविर




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राज्य सरकार सभी वर्गों युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। अन्त्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में वंचितों को वरीयता देते हुए राज्य सरकार 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी बताया कि पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाया जा रहा है। जिला कलक्टर ने बताया कि 9 जुलाई को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत मांगरौल के अटल सेवा केन्द्र में, जलालपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत अजीतपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, पंजूपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत नादनपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत कुरैंधा के अटल सेवा केन्द्र में, पिपहेरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत धौंध के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में नगर परिषद धौलपुर सभागार में मंगलवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ 51 से 100 तक के बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उद्घाटन प्रथम सत्र में उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने बीएलओ से निर्वाचन आयोग द्वारा सौपी गई जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने का आह्वान किया और इसे राष्ट्रीय हित का कार्य बताया। उन्होंने आगामी समय में मतदान सूचियों के गहन निरीक्षण के बारे में भी बताया और कहा कि बीएलओ को घर-घर जाकर गणना पत्र भरवाने का कार्य करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ की भूमिका, दायित्व, 6, 6क, 7, 8 नम्बर फार्म भरने, बीएलओ रजिस्टर तैयार करने, नजरी नक्शा, केस स्टडी, बीएलओ एप, और वीएचए के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रैनर डीएलएमटी अतुल चौहान, देवेंद्र बघेला, बालमुकुंद बंसल, श्याम बघेला के दक्ष प्रशिक्षक दल ने प्रशिक्षण दिया एवं बीएलओ की जिम्मेदारियां सहित मुख्य बिंदुओं पर बीएलओ को अवगत कराया। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय के बृजमोहन कुलश्रेष्ठ, पुनीत, ऋषि, मनीष चुनाव एवं स्वीप सेल के भगवान सिंह मीना सहित अन्य मौजूद थे।




### OFFICE OF THE ADDITIONAL CHIEF ENGINEER, (PROJECT) PHED REGION CHURU (RAJ.)

Email: ace.chu.phed@rajasthan.gov.in,
S.No. 645-670 Dated: 27.06.2015

**Notice Inviting Bid No 05/2025-26**

Bids for Replacements of Pipelines against Damaged/Polluted pipe line & Replacement of Centrifugal Pump sets against Unserviceable pump sets in UWSS Taranagar with one year defect liability period are invited from interested bidders upto 18.00 hrs 09.07.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and departmental website https://phed. raj.nic.in. (The approximate value of the procurement is Rs. 104.58 Lakhs UBN No:

DIPR/C/9085/2025

(Rammurti)
Additional Chief Engineer
(Project),PHED, Churu



### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक- 321-330 दिनांक- 24/06/2025

**ई-निविदा सूचना सं. 07/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य कुल 05 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A1657 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB05874 | 2 | PWD2526WSOB05875 |
| 3 | PWD2526WSOB05876 | 4 | PWD2526WSOB05877 |
| 5 | PWD2526WSOB05878 | | |

DIPR/C/9146/2025

(विजय प्रताप कस्वा)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर



### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत काचरोदा द्वारा श्री हेंडरसन उर्फ एंडरसन पुत्र श्री नर्सिंग उर्फ नृसिंह ईसाई के पक्ष में एक पट्टा नं. 271 दिनांक 30-09-1974 जारी किया गया था । उक्त पट्टाशुदा आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल 283.33 व.ग. है। उक्त श्री हेंडरसन उर्फ एंडरसन पुत्र श्री नर्सिंग उर्फ नृसिंह ईसाई ने अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति के संबंध में एक वसीयत दिनांक 14- 03-2002 अपने पुत्र श्री हरीश व श्री मोरिश के पक्ष में निष्पादित की थी। श्री हेंडरसन उर्फ एंडरसन पुत्र श्री नर्सिंग उर्फ नृसिंह ईसाई के मरणोपरांत उपरोक्त सम्पत्ति के सत्वाधिकार उनके पुत्र श्री हरीश व श्री मोरिश को प्राप्त हो गये। तत्पश्च्यात श्री हरीश व श्री मोरिश ने उक्त सम्पत्ति का बेचान जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20.05.2025 को श्री सोहन कुमार प्रजापत पुत्र श्री जगदीश प्रसाद प्रजापत को कर दिया है। उक्त श्री सोहन कुमार प्रजापत पुत्र श्री जगदीश प्रसाद प्रजापत मेरी अभिभाष्य ऋणदात्री संस्था चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फ़ाइनेंस कंपनी लिमिटेड मे उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रख कर ऋण प्राप्त कर रहा है। उक्त संपत्ति के स्वामित्व एवं ऋण के बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे ।

चन्द्रदीप नन्दलाल
एडवोकेट
मो. 9829233343



### आम सुचना

मैं रामकोरी पत्नी स्व. श्री रामकरण जाति जाट निवासी ग्राम बामलास तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनूं राज0 की निवासी हु। यह कि वाहन TEFE MF1035 ट्रेक्टर रजि. नम्बर RJ 18 RC 1064 चेचिस नम्बर MEA2EE61JL2311605 इंजन नम्बर S324F15879 मॉडल 2020 के पंजिकृत मालिक/रजिस्टर्ड मेरे पति रामकरण पुत्र भोमाराम जाति जाट निवासी ग्राम बामलास गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनूं है, मेरे पति रामकरण की मृत्यु दिनांक 11-01-2023 को हो चुकी है। अब इस ट्रेक्टर पर मेरा स्वामित्व है,इस ट्रैक्टर को अब मेरे नाम से रजिस्ट्रड करवाना चाहती हु। इसकी समस्त जिमेदारी मेरी होगी। इस पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 07 दिन में अपनी आपत्ति परिवहन विभाग झुंझुनूं में दर्ज करवा सकते हैं।



### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सा.नि.वि. वृत चूरू

क्रंमाक -658 दिनांक- 30.06.2025

**अल्पकालीन-ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26**

इच्छुक निविदादाताओं से जिला चूरू में सडक निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत राशि रू0 302.18 लाख की ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। कार्य के निविदा प्रपत्र दिनांक 10.07.2025 सांय 6.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण राज्य सरकार के प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://pwd.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है ।
NIB No-PWD2526A1684
UBN No:- (PWD2526WSOB05971)

DIPR/C/9245/2025

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि वृत चूरू



### राजस्थान सरकार
### कार्मिक ( ख - 3 ) विभाग

क्रमांक- प. 1 ( 1 ) कार्मिक / ख - 3/2010 जयपुर, दिनांक 30.06.2025

**शुद्धि पत्र**

इस विभाग द्वारा कार्मिक विभाग के स्वामित्व में रिक्त पी - 10 आवास को कैफेटेरिया अथवा समान व्यवसायिक उपयोग हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक 23.06.2025 में अंकित Last Date and Time for submission of Bid 04.07.2025 up to 12.00 Noon को 14.07.2025 up to 12.00 Noon किया जाता है।
शेष शर्ते यथावत रहेगी।
UBN No. PER2526SLOB00021

DIPR/C/9322/2025

शासन उप सचिव
कार्मिक (ख) विभाग
दूरभाष संख्या 0141-2227700



### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा0 नि0 वि0 खण्ड रतनगढ़

कमांक- 738-747 दिनांक- 27/6/25

**निविदा सूचना संख्या 04 / 2025-26**

इस कार्यालय के पत्र कमांक 346-359 दिनांक 26.05.2025 को ई-निविदा सूचना संख्या 04 / 2025 - 26 आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा की डाउनलोड करने की दिनांक 28.05.2025 से 20.06.2025 थी। जिसका संशोधन डाउनलोड़ करने की दिनांक 27.06.2025 को सांय 06.00 बजे तक बढ़ाई गई थी। जिसका पुनः संशोधन निविदा डाउनलोड करने की दिनांक 07.07.2025 को सांय 06.00 बजे तक बढ़ाई जाती है। निविदा खोलने की दिनांक 08.07.2025 को सुबह 11.00 बजे है ।
निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

DIPR/C/9066/2025

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड रतनगढ़


## पुलिस ने टॉप-10 अपराधी को किया गिरफ्तार

**धौलपुर(निसं.)।** जिले की मनियां थाना पुलिस ने मालवाहक ट्रक से डीजल और टायर चोरी के मामले में वांछित टॉप-10 अपराधी अजीत पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी जलालपुर, थाना मनियां को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई 12 अप्रैल 2025 को दर्ज मुकदमे को लेकर की गई। एसपी सुमित मेहरडा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण, वृताधिकारी राजेश कुमार शर्मा और थानाधिकारी रामनरेश मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की। टीम में हेड कांस्टेबल हरिओम, कांस्टेबल वीरसिंह और विजय सिंह शामिल थे। चोरी हुए माल की बरामदगी के लिए आरोपी से पूछताछ जारी है।

## बाइक सवार दंपती को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, पति- पत्नी की मौत

कोटा

बीमार पत्नी को डॉक्टर के दिखाकर गांव लौट रहे बाइक सवार दंपती को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई। हादसा बूंदी जिले के दबलाना थाना क्षेत्र के रुनिजा गांव के पास सोमवार की शाम करीब 7 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार दिनेश रैगर(32) और अपनी पत्नी गीता बाई(30) के साथ कोटा बाइक पर गांव राजलावता जा रहे थे। सरपंच रिश्तेदार रामस्वरूप ने बताया कि दिनेश रैगर(32) की पत्नी गीता बाई(30) बीमार थी। वह पत्नी को कोटा में डॉक्टर के चेकअप करवाने के बाद वापस अपने गांव राजलावता जा रहे थे। नैनवा रोड रुनिजा और कोटड़ा गांव के बीच पेट्रोल पंप के पास से आ रही तेज रफ्तार कार ने दंपती की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश की बूंदी हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। वहीं गंभीर हालत में उसकी पत्नी को बूंदी से कोटा हॉस्पिटल रेफर किया गया


### कार्यालय ग्राम पंचायत बागावास अहिरान पंचायत समिति विराटनगर

क्रमांक- ग्रा.प. / 2025 - 26/12 दिनांक- 04.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बागावास अहिरान द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मो / संवेदको से आमंत्रित की जाती है। UBN No. ZJP2526WSOB01180

निविदा से सम्बन्धित से विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in and eproc. rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बागावास अहिरान
पं. स. विराटनगर (कोटपूतली - बहरोड़)

प्रशासक
ग्राम पंचायत बागावास अहिरान
पं. स. विराटनगर (कोटपूतली - बहरोड़)



### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारशहर 331403 (चूरू)

क्रमांक- अअ / जनस्वा / निविदा / 2025 - 26 / 815 दिनांक-30-06-2025

**निविदा सूचना संख्या 06/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों की मोहर बंद निविदायें उचित श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदको / अनुभवी फर्मों से आमन्त्रित की जाकर निविदाएं दिनांक 11.07.2025 06.00 पी.एम. तक Sppp.rajasthan.gov.in के माध्यम से विक्रय की जाकर दिनॉक 14.07.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 03.30 बजे खोली जावेगी । प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X. EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 0075-00- 800-52-01 ) EMD (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836 -X. EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head 8443-00 108-00-00 लोक निर्माण कार्य Bidders shall upload the copy of bank receipt of e-GRASS Challen and send by e-mail to eepphedsrdr@gmail.com से संबंधित चालान कि प्रति संलग्न प्राप्त होने की स्थिति में ही निविदा विचारणीय होगी । डाक, तार एवं शर्तों सहित निविदाये मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा। निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ( लेटरपेड) के संलग्न रजिस्ट्रेशन पत्र, व नवीनतम जी.एस.टी. पेड चालान कॉपी का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा, अन्यथा प्रार्थना पत्र अस्वीकार्य होगा । ये निविदाएं विभागीय वेबसाईट Sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्रों के साथ उपरोक्त समस्त दस्तावेज संलग्न करनी होगी अन्यथा निविदाएं विचारणीय नहीं हो सकेगी। निविदा विकय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में सम्पादित की जावेगी।

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाखों में) | निविदा शुल्क राशि रू. में | धरोहर राशि राशि रू. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 06/2025-26 | RENNOVATION OF DIVISION STORE AND HEADER OF GVM PUMPHOUSE UNDER DIV SARDARSHAHAR DIST CHURU. UBN is PHE2526WSOB04176 Date 30.06.2025 | 04.72 | 500 | 9440 | 03 Month |

जल ही जीवन है- बूंद बूंद संग्रहण योग्य है ।

DIPR/C/9198/2025

(रामदेव पारीक)
अधिशाषी अभियन्ता (परि.)
जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर



### कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक- न.पा.ता/2025-26 / 2253 दिनांक-8/7/25

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने पट्टा नामान्तरण, कृषि भूमि, 69ए नियमन हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में सप्रमाण आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी वर्गमीटर | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगवानाराम पुत्र जीताराम | 07 | 224636 | 2180 | 167.21 | कृषि भूमि नियमन |
| 2 | सुमेर सिंह पुत्र नत्थूराम | 06 | 225130 | 2181 | 174.18 | कृषि भूमि नियमन |
| 3 | रामनिवास पुत्र नत्थूराम | 06 | 225132 | 2182 | 174.18 | कृषि भूमि नियमन |
| 4 | मोहम्मद आमीन पुत्र मोहम्मद यासिन कुरैशी | 13 | 224356 | 4538 | 293.24 | 69ए नियमन |
| 5 | कृष्ण कुमार पुत्र मुंगा राम | 19 | 224951 | 4539 | 1028.70 | 69ए सरेण्डर |
| 6 | फौजन बानो पत्नी बरकत अली | 05 | 225509 | 4540 | 126.00 | 69ए नियमन |
| 7 | सुनिता देवी पत्नी पवन कुमार जैन | 10 | 137444 | 243 | 268.70 | पट्टा नामान्तरण |
| 8 | सुमन पत्नी लक्ष्मण मोठसरा | 08 | 137419 | 244 | 403.70 वर्गगज | पट्टा नामान्तरण |
| 9 | प्रदीप कुमार पुत्र सज्जन कुमार | 22 | 138204 | 245 | 309.20 | पट्टा नामान्तरण |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

## विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर बच्चों को पौधे वितरण



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बागवाली ढाणी में जीवनसुख परिवर्तन सेवा संस्थान अजीतगढ़ के अध्यक्ष प्लांट बाबू सोमेश राजोरिया ने 71 पेड़ पौधे लगाकर पौधरोपण किया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सरिता सैनी, मुख्य अतिथि जिला संगठन मंत्री, भारतीय मजदूर संघ के गोपाल मीणा, विशिष्ट अतिथि नगरपालिका वाइस चेयरमैन मनोज खण्डेलवाल, पार्षद रोहित भारद्वाज रहे। इस अवसर पर मंजू शर्मा, रजनी सौकरिया, मंजू यादव, हिमांशु बारी समेत विद्यालय स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे। तो दूसरी तरफ अजीतगढ़ की एग्रीबायोटेक के टाइम ऑफिसर पीके सिंह ने बताया कि वाइस प्रेसिडेंट अनिल सेठ के निर्देशानुसार फैक्ट्री ने गत दिनों फैक्ट्री परिसर समेत रीको क्षेत्र में 1000 पेड़ पौधे लगाकर पौधरोपण किया था, उसके बाद फैक्ट्री ने अजीतगढ़ ब्लॉक की सरकारी व निजी स्कूलों, सरकारी कॉलेज, उपतहसील, सरकारी अस्पताल व अन्य सरकारी कार्यालय को करीब 19000 पेड़ पौधे वितरित किए हैं।

## कोलवा में वेदमंत्रों के साथ पार्थिव शिवलिंग पूजा महोत्सव का समापन



जयपुर टाइम्स

**मूंडरू(निस)।** कस्बे के गांव कोलवा स्थित बालाजी मंदिर परिसर में बालमुकुंददास महाराज के सानिध्य में पार्थिव शिवलिंग पूजा महोत्सव का समापन मंगलवार शाम को हुआ। सुदर्शन दास महाराज ने बताया कि सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजा महोत्सव में 61 यजमानों ने जोड़े सहित भाग लिया। आचार्य वेदप्रकाश शर्मा खेजरोली, सहायक आचार्य राकेश शर्मा निवाना सहित विद्वान पंडितों ने वेदमंत्रों के साथ पार्थिव शिवलिंग पूजा महोत्सव को सम्पन्न कराया। जालपाली के संत हरिचरण दास महाराज, भगवान दास महाराज सहित संत महात्माओं ने पूजा अर्चना में भाग लिया। शाम को महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने बैठकर पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान हरिनाम संकीर्तन का आयोजन भी हुआ।

## कृष्णा बाल मंडल ने किया पौधरोपण



जयपुर टाइम्स

**लोसल(निसं.)।** राजकीय महाविद्यालय में श्री कृष्णा बाल मंडल की ओर से सघन पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इससे पूर्व महाविद्यालय पूर्णतया वृक्ष विहीन था, इस महाविद्यालय का यह पहला बरसाती वर्ष है। समिति का लक्ष्य महाविद्यालय में 100 पौधे लगाने का है। यह प्रथम चरण था। इस दौरान समिति ने पौधों की पूर्ण देखभाल की भी जिम्मेदारी ली है। समिति के अध्यक्ष सुमित जांगिड़ ने समिति सदस्यों को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया।

## श्रीमाधोपुर में कानून व्यवस्था बिगड़ी, अपराध मुक्त का दावा खोखला- शेखावत

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव बालेंदु सिंह शेखावत ने कहा कि श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। चुनाव के पहले अपराध मुक्त के दावे भी असफल होते हुए नजर आ रहे हैं। शेखावत ने सोमवार की देर शाम अजीतगढ़ आगमन पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के बाद अपराधों में काफी बढ़ोतरी हुई है। हत्या, अपहरण, लूट, चोरी, एटीएम लूट, फायरिंग जैसी घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई है। चुनाव के पहले जनता के सामने वादे



किए गए थे कि चुनाव जीतने के बाद श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र अपराध मुक्त हो जाएगा व अपराधी श्रीमाधोपुर विधानसभा छोड़कर बाहर चले जाएंगे या बिल में घुस जाएंगे। लेकिन यह दावे फेल होते हुए नजर आ रहे हैं। अब अपराधी खुलेआम अपराध करने में डर नहीं रहे हैं, इससे आमजन भारी दहशत में नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिन में अजीतगढ़ क्षेत्र में दो लूट व एक चोरी की बड़ी घटना हो चुकी है। इसके पहले भी कई घटनाएं हो चुकी है, लेकिन पुलिस प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अगर ऐसे ही चलता रहा तो वे जनता को साथ लेकर इस संबंध में आंदोलन की रूपरेखा बनाएंगे।

## शेष भगवान मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल

जयपुर टाइम्स

**लोसल(निसं.)।** । कस्बे के श्री शेष भगवान के मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरुवार को श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। शेष भगवान मन्दिर के महंत जुगेश्वर दास के सानिध्य में पिछले एक महीने से चल रहे अखण्ड रामायण पाठ का समापन होगा। उसके बाद 12 बजे महाआरती, दोपहर 12.15 बजे से मन्दिर में महाप्रसादी का आयोजन होंगा।

# थोई में शिविर: 21 प्रकरणों का निस्तारण

## एसडीएम व तहसीलदार ने समस्याएं सुनी

जयपुर टाइम्स



**थोई(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत शिविर आयोजित हुआ। प्रशासक राम प्रकाश सैनी ने बताया कि 27 परिवादियों की ओर ले 21 प्रकरण आए जिनमें राजस्व विभाग के 12, पंचायत राज विभाग के आठ, विद्युत विभाग के दो, पीएचडी विभाग के दो, बीसीएमओ विभाग के एक, पुलिस विभाग का एक, पीडब्ल्यूडी विभाग का एक प्रतिवेदन प्राप्त हुई। कैंप प्रभारी ने तुरंत प्रतिवेदनाओ को संबंधित विभाग को निस्तारण के लिए प्रेषित कर दिया गया। अनुपालन रिपोर्ट निश्चित समय अवधि में पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया। ग्राम पंचायत थोई में 41 पेंशन सत्यापन में कैंप के दौरान 11 पेंशन योगियों का वार्षिक सत्यापन किया गया। इस दौरान कैंप प्रभारी एसडीएम अनिल कुमार गढ़वाल, तहसीलदार जगदीश प्रसाद बेरवा, सह प्रभारी एडिशनल वीडियो गजेंद्र सिंह नेहरा, सहायक विकास अधिकारी बजरंग लाल यादव, ग्राम विकास अधिकारी मनोहर सिंह शेखावत, राकेश कुमार सैनी, प्रशासक राम प्रकाश सैनी, गिरदावर जयप्रकाश, पटवारी सुरेश गोरा, जूनियर सहायक मुकेश कुमार व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कैम्प में थोई झाड़ली मंडल अध्यक्ष रोहित महेश्वरी, रोहतास लील, लालचंद सैनी, अर्जुन सिंह, हरलाल कुड़ी, घासीराम कटारिया सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैकमेन कर्मचारियों की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**रींगस(निस)।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के बैनर तले रींगस व नारनौल शाखा ने सहायक मण्डल इंजीनियर रींगस कार्यालय पर ट्रैकमेन कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और सहायक मण्डल इंजीनियर को मुख्य इंजीनियर के नाम ज्ञापन दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे रींगस शाखा के अध्यक्ष अमीपाल चौधरी ने बताया कि ट्रैकमेन कर्मचारियों की बहुत सी समस्याओं पर रेलवे प्रशासन काफी समय से ध्यान नही दे रहा है। इसलिए पूरे जॉन में सभी सहायक मण्डल इंजीनियर कार्यालयों पर प्रदर्शन किए गए है। नारनौल शाखा के सचिव श्यामसुंदर शर्मा ने बताया कि ट्रैकमेनों की पेट्रोलिंग 12 किलोमीटर की जाए, एक साथ दो पेट्रोलमेन चलाये जाए, सुविधायुक्त टूल रूम उपलब्ध करवाए जाए, रेलवे आवासों की दशा सुधारी जाए, अत्याधुनिक औजार उपलब्ध करवाए जाए, ट्रैकमेनो के रिक्त पदों को भरा जाए व रक्षक उपकरण दिये जाए। प्रदर्शन में यूनियन के पदाधिकारी मनफूल सिंह, योगेश शर्मा, पवन शर्मा, नरेंद्र जांगिड़, प्रदीप चौहान, नरेश जिलोवा, प्रविन्द्र यादव, जसवंत सिंह, परमवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, राधेश्याम यादव, सांवरमल, कमलेश गुर्जर, सुभाष सामोता, भरत जाट, मनोज, नरेश, सूबेसिंह मीणा, रामसिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रतिमा स्थापना दिवस कल

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** टोडरवास में स्थापित बाबा हरिराम के मन्दिर का स्थापना दिवस आगामी 10 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा। सरपंच मुकेश झाझड़िया ने बताया की 10 जुलाई को रात्रि जागरण होगा और 11 जुलाई को सुबह भव्य कलश यात्रा , यज्ञ - हवन आदि धार्मिक कार्यक्रम होगे। उल्लेखनीय है कि कलश यात्रा शिव मन्दिर से शुरू होकर हरिराम बाबा के मन्दिर तक डीजे साउण्ड के साथ निकाली जाएगी।

# मंडावा में पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** हरियाली राजस्थान महोत्सव के अंतर्गत मंडावा कस्बे में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग की ओर से किया गया, जिसमें दर्जनों चिकित्सको, कार्मिकों ओर सामाजिक संगठन के लोगों ने हिस्सा लेते हुए अभियान में औषधीय, छायादार, फूलों के दर्जनों पेड़ लगाए अभियान की अगुवाई डॉ.अनिता प्रभारी अधिकारी राजकीय आयुष विभाग ने की। इस अवसर पर डॉ.अनिता ने कहा कि पेड़-पौधे धरती के श्रृंगार हैं। ये न केवल हमें प्राणवायु और छाया देते हैं,बल्कि औषधियों और भोजन का भी प्रमुख स्रोत हैं। पेड़ धरती के जीवनदाता हैं, इन्हें संरक्षित करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं जिससे पृथ्वी का पर्यावरण स्वच्छ और शुद्ध बना रहे। डॉ. पूनम ने बताया कि हरित राजस्थान' के संकल्प के तहत कस्बे में यह अभियान राजकीय आयुष चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण के शुरू किया गया। डॉ.विकास कुमार, डॉ.इंदु ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से वर्षा ऋतु में राज्यभर में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की पहल को आमजन का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। इसी दिशा में मंडावा में दर्जनों लोग इस अभियान में शामिल हुए और पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण,जल बचाव और स्वच्छता जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने के लिए रैलियां भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान न केवल पर्यावरण के लिए एक सकारात्मक कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस दौरान डॉ अनिता चौधरी, डॉ विकास कुमार, डॉ इंदु ,डॉ पूनम, डॉ सिकंदर अली, सुनीता कुमारी, अमन बुडानिया, आशीष कुमार शर्मा, राजेश कुमावत, मनोज रैबारी, एकता गुर्जर, विकास महला, मंडावा पटवारी धर्मेंद्र मीणा, अशोक कुमार, मोहित, सुनिता, निशा, शशिकांत सहित अनेक लोगों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# विद्यार्थियों ने पचार में निकाली नामांकन रैली

जयपुर टाइम्स



**दांतारामगढ़(निस)।** श्री ब्रह्मचारी नेमीचंद गंगवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पचार (सीकर) में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक व उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों में कक्षा 12 वीं में विद्यालय टॉपर रितिका जांगिड़, चंचल कुमावत, सानिया कुमावत, मनीषा कंवर शेखावत, गैना कुमावत, सृष्टि कुमावत, लक्की सांखला, दीपांशु मनोहर, नवीन सांखला, हिमांशी कुमावत व कक्षा 10वीं में इशिका कुमावत, सन्ना मेहरा, हिमांशु कुमावत, रिया मीणा आदि विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार शर्मा के निर्देशन में छात्र- छात्राओं, स्टाफ ने प्रांगण से नामांकन रैली की शुरुआत की। नामांकन रैली बाईपास सड़क से होते हुए बांडियावास, गांव के मुख्य बाजार, प्याऊ स्टैंड, ढाणी कुमावतान से पंचायत के रास्ते होते हुये वापस विद्यालय परिसर में पहुंची। प्रधानाचार्य व विद्यालय स्टाफ ने गांव के समस्त अभिभावकों से अधिकाधिक नामांकन बढ़ाने व शिक्षा से वंचित छात्र- छात्राओं का विद्यालय में नामांकन करवाने के लिए आग्रह किया। इस दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के घर जाकर उनके अभिभावकों का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## नवनियुक्त ईओ का कुम्हार समाज ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नगरपालिका में नवनीत कुमावत ने नए अधिशासी अधिकारी के रूप में चार्ज संभाला। इस अवसर पर कुम्हार समाज कि और से स्वागत सत्कार किया गया। सामाजिक कार्यकर्त्ता मुकेश कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के युवा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम प्रजापत व ताराचंद ठेकेदार की अगुवाई में समाज के लोगो ने पालिका कार्यालय में नवनीत कुमावत को साफा ओढ़ाकर और उन्हें मिट्टी से निर्मित भगवान कृष्ण की मूर्ति भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पालिका पूर्व प्रतिपक्ष नेता संपत चेजारा, खुड़ी मंडल महामंत्री रतन कुमावत, शिवलाल कुमावत, बनवारी कुमावत, कमल कुमावत, अमरचंद कुमावत, ताराचंद कुमावत सहित समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## नवप्रवेशित बच्चों का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** कांसरड़ा की शहीद प्रताप सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खंडेला ब्लॉक के अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भवानी सिंह मीणा ने विद्यालय में आयोजित प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशित बच्चों के तिलक लगाकर स्वागत किया और हरियालो राजस्थान के तहत विद्यालय स्टाफ के साथ मिलकर पौधारोपण किया।



संस्था प्रधान राजेश कुमार जाट ने बताया कि एसीबीईओ भवानी सिंह मीणा ने नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण के संबंध में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से संवाद किया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश दिलवाने, हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण करने की शपथ दिलाई गई। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रानीपुरा का भी निरीक्षण किया।

## यूडीएच मंत्री खर्रा के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



जयपुर टाइम्स

**थोई(निस)।** यूडीएच मंत्री खर्रा के जन्म दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाए और उनकी देखरेख करने की अलग-अलग जिम्मेदारियां ली। थोई झाड़ली मंडल अध्यक्ष रोहित महेश्वरी ने बताया कि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के जन्म दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सार्वजनिक जगहों पर पौधे लगाए गए। इस दौरान विद्युत कार्यालय में 11 पौधे मंत्री के जन्म दिवस पर लगाए गए। इस दौरान सहायक अभियंता राजेश चौधरी श्रीकिशन लील, रोहिताश मील, थोई झाड़ली मंडल कोषाध्यक्ष पवन टेलर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जयपुर में धरने में पहुंचे योग प्रशिक्षक, स्थायी नियुक्ति की गुहार

जयपुर टाइम्स

**थोई(निस)।** अखिल राजस्थान योग प्रशिक्षक महासंघ के आह्वान पर जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर मंगलवार को आयोजित प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन में सीकर जिले से भी बड़ी संख्या में योग प्रशिक्षक पहुंचे और सरकार से मांगों को पूरा करने की मांग की। सीकर जिले से योग अनेक प्रशिक्षक शामिल हुए। योग शिक्षक दिपेंद्र जोशी व सीकर शाखा अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2021 में राजस्थान में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राजकीय आयुर्वेद औषधालयों पर वर्तमान में करीब 6 हजार योग प्रशिक्षक सेवाएं दे रहे है। अल्प मानदेय से योग प्रशिक्षकों के परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है। नियुक्ति मिले करीब चार साल बीत चुके है, लेकिन अभी तक न तो समय बढ़ाया है और ना ही वेतनवृद्धि की गई है। उन्होंने सरकार से योग प्रशिक्षकों की स्थायी नियुक्ति, वेतन वृद्धि और योग प्रशिक्षकों का स्थायी पद सर्जित करने की लंबित मांग को पूरा करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बीएल कुमावत के निर्देशन में मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन दिया। इस दौरान श्रीमाधोपुर ब्लॉक अध्यक्ष आशीष सैनी, दीपेंद्र जोशी, नवीन सैनी, राम किशोर यादव, सरोज सैनी, सुशीला ढाका, हजारीलाल यादव, रवि कुमार शर्मा, पुष्कर सैनी, रोहिताश चौधरी, सुनील आदि प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# हरियाणा के बैंक मैनेजर ने शराब पार्टी के बाद राजस्थान में की युवक की हत्या, एक्सीडेंट दिखाने के लिए मृतक को घसीटा

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** हरियाणा में एक्सिस बैंक के सेल्स मैनेजर ने साथियों के साथ मिलकर राजस्थान में एक युवक पीट-पीटकर हत्या कर दी। उस वक्त मैनेजर अपने साथियों के साथ मिलकर शराब पार्टी कर रहा था। उसे शक हुआ कि युवक उनकी रेकी कर रहा है। कत्ल के बाद उन्होंने हत्या को एक्सीडेंट दिखाने के लिए उसे 20 मीटर तक सड़क पर घसीटा, ताकि उसके शरीर पर घसीटने के निशान बन जाएं। फिर उसकी लाश को हत्या की जगह से 100 मीटर दूर फेंक दिया। इसके बाद सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। 5 जुलाई को हुए इस मर्डर केस में पुलिस ने बैंक मैनेजर समेत उसके पांचों साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों में बैंक मैनेजर का ड्राइवर भी शामिल है। हत्या के आरोपी बैंक मैनेजर और उसके साथी, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। होटल के सामने पड़ी थी युवक की लाश, मारपीट के निशान मिले राजस्थान में झुंझुनू के कार्यवाहक एसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि 6 जुलाई की सुबह बालाजी धर्मकांटा से 100 मीटर दूर सिंघाना रोड के साइड में होटल के सामने युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पचेरी कलां थाना और एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स झुंझुनूं मौके पर पहुंची तो लाश नग्न अवस्था में थी। जांच में सामने आया कि युवक के शरीर पर मारपीट के गंभीर निशान थे। सिर पर दो गहरी चोट, नाक और कान से खून बह रहा था। बाएं हाथ की कलाई पर 'चच' गुदा हुआ था। उसके पास एक जोड़ी हवाई चप्पल पड़ी थी, जिस पर कंपनी की पट्टी उभरी हुई थी। शव की शिनाख्त के कोई दस्तावेज नहीं मिले और न ही कोई ऐसा संकेत मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। ऐसे में अज्ञात की हत्या का मामला दर्ज जांच शुरू की गई। जांच में पता चला, यहां शराब पार्टी हो रही थी, डॉग भी वहीं जा रहा था एसपी ने बताया कि मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया था। एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। जानकारी सामने आई कि पास ही बालाजी धर्मकांटे पर शराब पार्टी चल रही थी, जहां से शोर आ रहा था। डॉग स्क्वॉड से सूचना मिली कि एक डॉग बार-बार बालाजी धर्मकांटे की तरफ जा रहा है। इससे पुख्ता हो गया कि हत्या के तार बालाजी धर्मकांटे के आसपास से जुड़े हैं। जांच आगे बढ़ी तो शराब पार्टी में ईंट भट्टा मालिक बल्लू यादव और धर्मकांटा पर काम करने वाले विक्रम गुर्जर के शामिल होने की सूचना मिली। जब पुलिस उनकी तलाश में उनके घर और संभावित ठिकानों पर पहुंची तो दोनों फरार मिले। इससे संदेह और गहरा गया। मुखबिर तंत्र की सूचना पर सबसे पहले विक्रम को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ की तो पूरा मामला खुल गया। इसके बाद एक-एक कर बाकी बचे 4 आरोपियों को पकड़ा गया। कार्यवाहक एसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि अज्ञात युवक की हत्या के मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नारनौल (हरियाणा) में बैंक के मैनेजर कार्तिक शर्मा पुत्र सुरेश और उसके ड्राइवर सुनील को पकड़ा है। साथ ही पचेरी खुर्द के ईंट भट्टा मालिक सुरेंद्र उर्फ बल्लू यादव, उसके भांजे धनंजय उर्फ कालू और डुमोली खुर्द धर्मकांटा पर काम करने वाले विक्रम गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता छगन मीणा का अभूतपूर्व अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वर्ल्ड पुलिस एंड फॉयर गेम्स 2025 के अमेरिका में राजस्थान पुलिस हेड कांस्टेबल छगन लाल मीणा के 77 किलो कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत के बाद मंगलवार को स्वदेश लौटने पर जयपुर के जवाहर सर्किल पर सम्मान समारोह आईजी किशन सहाय मीणा के मुख्य आतिथ्य व पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, अधिकारी शरीक हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि छगन लाल ने कुश्ती में अमेरिका व कंबोडिया के खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीत करके देश का नाम रोशन किया। इससे पूर्व छगन लाल का माल्यार्पण, साफा बंधवाकर स्वागत किया। मुख्य आतिथ्य आईजी किशन सहाय मीणा ने कहा कि पुलिस जवान छगन लाल ने इंटरनेशनल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर देश और राजस्थान पुलिस को गौरवान्वित किया। समारोह संयोजक व आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा व चैतन्य मीणा (अजीतगढ़) ने बताया कि अमेरिका आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फॉयर गेम्स 2025 बर्मिंघम में भारत की ओर से पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाले छगन मीणा वर्ल्ड पुलिस एंड फॉयर गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका व कंबोडिया के खिलाड़ियों को पछाड़कर पदक जीतना देश के लिए गौरव की बात है। इस दौरान आरडीएफ प्रमुख डॉ.गजेंद्र सिंह हीदा मीणा, डॉ. महेंद्र कुमार झरवाल, राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश खारडा, सीकर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मीणा, मनोज कुमार मीणा (जोबनेर), सांवरमल थोई, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानचंद त्रिलोकपुरा, जिला महामंत्री प्यारेलाल मीना, जिला संरक्षक शिवलाल गुरारा, भवानी शंकर मीणा, सुरज्ञानसिंह मीणा, लक्ष्मण प्रसाद बवाल, मनोज कुमार मीणा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व छगन लाल के दिल्ली से जयपुर आते समय कोटपुतली में मीणा समाज और पुलिस अधिकारियों ने भव्य सम्मान कार्यक्रम आयोजित करके सस्वागत किया।





उल्लखेनीय है कि छगन पिछले 12 साल से झुंझुनूं जिले के बगड़ शहर के पुष्कर व्यायाम शाला में अभ्यास कर रहे थे। छगन अमेरिका के बर्मिंघम में 27 जून से 7 जुलाई तक होने वाले वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स में भारतीय पुलिस दल का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले छगन ने 2016 एशियाई चैंपियन शिप ताइवान, 2019 वर्ल्ड ओर फायर गेम्स चीन में भारत को गोल्ड और सिल्वर मेडल दिलवाए है। उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स में राजस्थान को मेडल दिलवा चुके है।

### पैतृक जिला और गांव में होगा भव्य कार्यक्रम

राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ सीकर जिला महामंत्री प्यारेलाल मीणा ने बताया कि कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता पुलिस हेड कांस्टेबल छगन लाल मीणा सीकर जिले के खंडेला तहसील अंतर्गत खटून्द्रा के मूल निवासी है और सीकर में कार्यरत है। इंटरनेशनल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर लौटने पर पैतृक जिला और गांव भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## कथा में सुनाया सीता की विदाई का प्रसंग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने सियाराम बाबा की बगीची में चल रही श्रीराम कथा के आठवें दिन मंगलवार को कथा वाचक केशोरायपाटन बूंदी के घनश्यामदास महाराज ने राम सीता की विदाई का संगीतमयी वर्णन किया। सीता की विदाई का प्रसंग सुन दर्शकों की आंखे भी नम हो गई। उन्होंने कहा कि सीता की विदाई पर राजा जनक आंसू नहीं रोक पा रहे थे। राजा जनक विदाई के क्षणों में खम्भे का सहारा लेकर रो रहे थे। इस दौरान रानी सुनैना ने सीता से कहा बेटी सास ससुर की व गुरु की सेवा करना, पति की आज्ञा का पालन करना व शिव पार्वती को जीवन में आदर्श मानकर संस्करों की रक्षा करना। उन्होंने कहा कि राजा हो फिर आमजन बेटी की विदाई के समय पत्थर दिल पिता की आंखे भी नम हो जाती है। इस दौरान मुख्य यजमान जयपाल सिंह राठौड़, नरेंद्र भाटी, दामोदर शर्मा, महेन्द्र टाक, गोलू स्वामी, मनीष स्वामी, दिनेश स्वामी, बजरंग लाल ने कथा के दौरान व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

## 1100 का लक्ष्य, 251 पौधे लगाकर शुरूआत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलसीसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीणा के नेतृत्व में सरेस, नीम खेजडी, बरगद, पीपल व अन्य प्रकार के 251 पौधे लगाए गए और इस मानसून में 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया। मीणा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बंजर धरती पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर हमें धरती मां का श्रृंगार करना होगा। पौधे ही धरती मॉ का श्रृंगार है, इसलिए बंजर धरती करे पुकार, पेड़ लगाकर करो श्रृंगार। विद्यालय के 500 से अधिक विद्यार्थियों और स्टाफ मिलकर इस सत्र में कम से कम 1100 पौधें लगाऐंगे और उनकी देखभाल का जिम्मा लेंगे। कक्षाध्यापकों ने छात्रों के समूह बनाकर पौधारोपण कर उनके देखभाल की जिम्मेदारी दी। इस अवसर पर पौधरोपण प्रभारी प्रकाश चन्द प्राध्यापक, मनोज कड़वासरा, केवलराम प्राध्यापक, राहुल बुगालिया, अनिल मेघवाल सहित स्टाफ व छात्र उपस्थित रहे।

## अस्पताल में प्रदान किए फिजियो थैरेपी के उपकरण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल के फिजियो थैरेपी क्लीनिक में सुप्रीम फाउण्डेशन जसवन्तगढ़ की ओर से 1 लाख 17 हजार के उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं। राजकीय बगड़िया अस्पताल के पीएमओ डॉ. पुरूषोतम करवा को ये उपकरण जयसिंह ने सौंपे। फिजियो थैरेपिस्ट डॉ. ज्योति प्रजापत ने बताया कि अति आधुनिक मशीनें व उपकरण आने से अस्पताल में आने वाले मरीजों को फिजियो थैरेपी की सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम में स्टोर कीपर प्रकाश पारीक, नरेश, कमलेश मंडावरिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। पीएमओ डॉ. पुरूषोतम करवा ने फाउण्डेशन के बजरंगलाल, महावीर प्रसाद का आभार जताया।

## सुरेश प्रजापत बने जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आरसी कुमावत के निर्देशानुसार चूरू प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट दीनदयाल प्रजापत ने पड़िहारा निवासी सुरेश प्रजापत को चूरू जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। दीनदयाल प्रजापत ने सुरेश प्रजापत की कार्यकुशलता एवं सामाजिक सक्रियता के चलते उन्हें जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने और कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## उपखण्डों में ब्लॉक स्तरीय जन सुनवाई कल

**जयपुर टाइम्स/सीकर (निस)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर गुरूवार को जिले के समस्त उपखण्डों में प्रात 10 बजे से सायं 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव की ओर से राज्य स्तर से वी.सी के माध्यम से अटल जन सेवा शिविर का पर्यवेक्षण किया जाएगा।

## आचार्य भिक्षु जन्म त्रि-शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** तेरापंथ सभा भवन में शासनश्री साध्वी मानकुमारी के पावन सान्निध्य में तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक आचार्यश्री भिक्षु जन्म त्रि-शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वीश्री जी ने नमस्कार महामंत्र के साथ किया। इस अवसर पर उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वीश्री ने फरमाया कि आचार्य भिक्षु महान थे। वैराग्य के उपासक थे। सत्य के लिए गुरु, पद प्रतिष्ठा का मोह छोड़ दिया। आचार्य भिक्षु को आज के दिन जन्म ही नहीं मिला बोधी भी प्राप्त हुई। वे चल पड़े सत्य के राजमार्ग पर। ज्ञान दर्शन और चारित्र रूपी बोधि से केवल अपनी आत्मा को ही प्रकाशित नहीं किया जन-जन को तत्व का प्रकाश भी दिया ताकि वे सही तत्व की पहचान कर सकें। भिक्षु ने अपने जीवन में घोर विरोध सहन किया। आहार, स्थान व वस्त्र की बहुत समस्याएं आईं पर उन्होने संयम की अनुपालन में इन सब की परवाह नहीं की। ऐसे महापुरुष के प्रति हम नतमस्तक हैं जिनका जन्म, बोधि व महाप्रयाण तेरस के दिन हुआ। इस अवसर पर साध्वीश्री कुशलप्रज्ञा, साध्वीश्री कमलयशा, साध्वीश्री चैत्यप्रभा व साध्वीश्री स्नेहप्रभा ने गीत व वक्तव्य से आचार्य भिक्षु के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, मंजू देवी बाफना व महिला मंडल ने भी आचार्य भिक्षु के प्रति श्रद्धा स्वर व्यक्त किए। रात्रि में धम्म जागरणा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का कुशल संयोजन साध्वीश्री इंदुयशा ने किया।




## बालाजी धाम में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम कल

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** फतेहपुरी गेट स्थित श्री लंकापूरी बालाजी धाम मे गुरु पूर्णिमा का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी की मीडिया प्रभारी ज्योति तनवानी ने बताया कि गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शाम 4-30 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन, भजन संध्या और साथ ही साथ बालाजी महाराज को छप्पन भोग व आमरस प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। चांदपोल गेट बाहर धोद रोड़ स्थित श्री बालाजी श्री झुंझार जी शहीद अमरचंद धाम में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। धाम के सदस्य रामावतार कलावटिया ने बताया कि धाम के श्रीमहंत पुजारी अनिल पारीक के सानिध्य में विशाल जागरण का आयोजन रात्रि 9-15 बजे से किया जाएगा। प्रसाद भंडारे का आयोजन रात्रि 7-15 बजे से शुरू होगा। इस अवसर धाम को विशेष व आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। छप्पन भोग की झांकी भी सजाई जाएगी। पेट पलायन निशान यात्रा पोलो ग्राउंड से निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य धाम पर पहुंचेगी।

## कंप्यूटर ऑपरेटर,लैब टेक्नीशियन को निक्षय सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रतनगढ़ के जिला क्षय निवारण केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कंप्यूटर ऑपरेटरों और लैब टेक्नीशियनों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिले के रतनगढ़, सुजानगढ़ और सरदारशहर ब्लॉक के सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों और लैब टेक्नीशियनों को निक्षय सॉफ्टवेयर के बारे में प्रशिक्षित किया गया। यह पहले बैच का प्रशिक्षण था। साथ ही, उन्हें टीबी मरीजों के बलगम की जांच माइक्रोस्कोपी के बजाय सीबीनॉट और ट्रूनेट मशीनों से करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण में जिला क्षय रोग अधिकारी, डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्तमान में चल रहे इंटेंसिफाइड टीबी मुक्त भारत अभियान और पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा एसीएफ सर्वे से संबंधित सभी प्रमुख गतिविधियों को समझाना था। इसमें टीबी रोग की पहचान, समय पर उपचार, समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के उपाय और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की रूपरेखा शामिल थी। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, अभियान में भामाशाहों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित कर निक्षय मित्र बनाने पर जोर दिया गया। कंप्यूटर ऑपरेटरों और लैब टेक्नीशियनों को अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक टीबी मरीज का निक्षय पोर्टल पर जल्द से जल्द पंजीकरण किया जाना चाहिए। साथ ही, सभी टीबी मरीजों की एचआईवी और शुगर की जांच अनिवार्य रूप से करवाई जाए। निक्षय पोषण योजना के तहत सभी टीबी मरीजों के बैंक खाते की जानकारी दर्ज करना भी आवश्यक है ताकि उन्हें प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के तहत जल्द से जल्द वित्तीय सहायता मिल सके।




## स्मार्ट मीटर के विरोध में मीटिंग आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सेवद बड़ी में स्मार्ट मीटर के विरोध में माकपा ने मीटिंग मे सेवद बड़ी के आसपास के ब्रांच कमेटियों के सदस्य शामिल हुये। मीटिंग में तय किया गया कि इन बिजली कंपनियों की ओर से स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा जिसको नही लगाने दिया जाएगा। गांव गांव में इसका विरोध किया जाएगा और आम आदमी को बिजली कम्पनियों की लूट से बचाने का काम किया जाएगा। मीटिंग की अध्यक्षता रणजीत सिंह व भेभाराम ढाका ने की। इस मौके पर माकपा के राज्य सचिव कॉमरेड किसन पारीक, पूर्व विधायक माकपा जिला सचिव कॉमरेड पेमाराम, धोद सचिव कॉमरेड पन्नालाल पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश थालोड़, सिहोट सरपंच झाबर ओला, बलदेव चेलासी, भोपाल सैन, रामचन्द्र दुगोली,शंकर माली, परमेश्वर ढाका, बनवारी बाजिया, श्रवण शेषमा, मनोहर कुमावत, अशोक भाखर,सुभाष थालोड़ फागलवा, महेंद्र काला, नरेश भास्कर, बनवारी सैन, महिपाल भूरिया, जोधाराम जाखड़, सुल्तान भास्कर, बोदूराम डूकिया, रामलाल रेवाड़, राजेन्द्र सिंह, बंशीलाल दुगोली, रामलाल रुलानिया, प्रकाश सैन, अशोक नेहरा सहित सैकड़ो सदस्य शामिल हुए।

## शेखावाटी विश्वविद्यालय में 20 जुलाई तक प्रवेश आवेदन

जयपुर टाइम्स

**सीकर (निस)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में स्नातक और स्नातकोत्तर (यूजी और पीजी) में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढा दी है। विद्यार्थी अब यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अब 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। शेखावाटी विवि के उपकुलसचिव ने मंगलवार को आवेदन की तिथि बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया। शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि तिथि बढ़ाने का निर्णय विद्यार्थियों की सुविधा और प्रवेश की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## निजीकरण के विरोध में हड़ताल को दिया समर्थन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी सुजानगढ़ व भारत की जनवादी नौजवान सभा तहसील कमेटी सुजानगढ़ ने 9 जुलाई को होने वाली मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल का समर्थन किया है और केंद्र सरकार से मांग की है कि सभी क्षेत्रों में निजीकरण की ओर बढ़ते कदमों को रोका जाए। मजदूरों के कानून में जो बदलाव किए गए हैं, उनको निरस्त करके मजदूरों का 8 घंटे का काम का समय और पूरी मजदूरी देने का कानून यथावत रखा जाए। नौजवान सभा के सागर मेघवाल ने बताया कि साथ ही देशव्यापी बिजली के निजीकरण को रोका जाए और केंद्र सरकार ने जहां बिजली निगम बोर्ड को कंपनियों में तब्दील करके निजीकरण लागू करने का रास्ता साफ किया था, उसी को आगे बढ़ाते हुए अब पूरे देश में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का काम जोरों से शुरू किया गया है, जहां पहले से कार्यरत बिजली के मीटर को उठाया जाएगा और उनकी जगह बिना किसी ठोस कारण के स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इन स्मार्ट मीटर से आम जनता को कोई फायदा नहीं है, सिर्फ अरबों रुपयों की बर्बादी होगी और कंपनियों और भ्रष्ट अधिकारियों को अपने जेब भरने का मौका मिलेगा। सागर ने बताया कि अगर सरकार जबरदस्ती उपभोक्ताओं को यह मीटर लगाती है तो किसान सभा घर-घर जाकर के उपभोक्ताओं के साथ मिलकर सरकार के इस निर्णय का विरोध करेगी और किसी भी सूरत में स्मार्ट मीटर के नाम पर अरबों रुपए की लूट भ्रष्टाचारियों को कंपनियों को नहीं करने देगी।

## राजलदेसर के शिवभक्तों का रतनगढ में भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स


**रतनगढ़(निस)।** राजलदेसर से हरिद्वार के लिए निकले श्रद्धालुओं के जत्थे का बीती शाम रतनगढ़ में भव्य स्वागत किया गया। यह जत्था रतनगढ़ बस स्टैंड के पास से गुजरा, जहां कई शिव भक्तों ने माल्यार्पण कर और तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। यह पवित्र जत्था 11 जुलाई को हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपनी 500 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू करेगा। लगभग 12-13 दिनों में यह यात्रा पूरी कर 22 जुलाई को श्रद्धालु वापस लौटेंगे। इस जत्थे में शहर के बीजेपी पार्षद रामकिशन माटोलिया भी शामिल हैं। माटोलिया इससे पहले लगभग 45 बार सालासर की पदयात्रा कर चुके हैं और लोहार्गल से भी पैदल कावड़ लाते रहे हैं। हरिद्वार की यह उनकी पहली यात्रा है। रतनगढ़ में बीजेपी नेता मनोज हारित, अनिल प्रजापत, रामचंद्र प्रजापत, मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनिरुद्ध दायमा सहित कई शिव भक्तों ने श्रद्धालुओं को विदा किया। इस दौरान रामकिशन माटोलिया, विष्णु नाई, रिछपाल सिंह, कोजाराम, घनश्याम नाई, सांवरमल, सुभाष, मदन महाराज, दुर्गेश, राजेश, और जगदीश सैनी सहित कई अन्य भक्त हरिद्वार के लिए रवाना हुए हैं।

## बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बीएलओ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नगरपरिषद स्थित मास्टर भंवरलाल मेघवाल सभागार में किया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा के सानिध्य में आयोजित प्रशिक्षण में क्षेत्र के 50 बीएलओ को घर-घर सर्वे करने, फार्म न. 6, 7, 6ए, 8, बीएलओ एप्प, वीएचए एप्प आदि के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि सभी बीएलओ अपनी शंकाओं का निवारण करते हुए प्रशिक्षण लें, ताकि फील्ड में मतदाताओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस अवसर पर तहसीलदार राजू देवी बुनकर, पुरूषोतम चौहान, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर मनोहर सिंह शेखावत आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर वेदप्रकाश भामू, सुरेश रतावा आदि ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश गिवारिया, जितेंद्र कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया टेलीफोन डायरेक्ट्री का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ तहसील नागरिक समिति जयपुर की ओर से प्रकाशित की गई टेलीफोन निर्देशिका का उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने विमोचन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में समिति के अध्यक्ष हुसैन खान, सचिव महेश मूंधड़ा ने उपमुख्यमंत्री को साफा पहनाकर स्वागत किया। समिति के तपन जैन ने बताया कि सुजानगढ़ तहसील नागरिक समिति जयपुर विगत 48 वर्षों से जयपुर में कार्यरत है और संस्था की ओर ले विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाता है। कोषाध्यक्ष कमलेश काला ने बताया कि विगत वर्ष समिति ने जयपुर में रहने वाले सुजानगढ़ तहसील के लोगों का डेटा एकत्रित करके बहुउपयोगी टेलीफोन निर्देशिका का प्रकाशन करने का निर्णय लिया था। इस अवसर पर श्याम लाल प्रजापत, नंदकिशोर जाजू, बाबूलाल घासोलिया, मुकेश सोनी, चौथमल, गणेश मुन्थारिया, सीताराम प्रजापत आदि मौजूद रहे।

# जनसुनवाईः महर्षि ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि आमजन की मूलभूत समस्याओं का निस्तारण सहजता व सुलभता के साथ होना चाहिए। प्रदेश की भाजपा सरकार विकास कार्यों को लेकर बेहद गंभीर है। विभागीय अधिकारी समस्या के निस्तारण को लेकर मौके पर जाकर आमजन को राहत पहुंचाए। जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्र में नई सड़क बनवाने, सड़क मरम्मत करवाने, जर्जर विधुत पोल बदलवाने, नया विद्युत कनेक्शन करवाने, आपणी योजना में जल कनेक्शन करवाने, जल आपूर्ति सुचारू करवाने, ट्यूबवेल में ख़राब मोटर बदलवाने व शिक्षा, चिकित्सा सहित अनेक विषयों पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए।

# पीपीआईयूसीडी लगाने में सीकर प्रदेश में तीसरे स्थान पर

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** परिवार कल्याण के क्षेत्र में सीकर जिले में उत्कृष्ट कार्य हो रहा है। इसके तहत पीपीआईयूसीडी लगाने में सीकर जिला प्रदेश स्तर पर तीसरे स्थान पर रहा है। जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 11 जुलाई को प्र्देश स्तर पर आयोजित होने वाले प्रोत्साहन पुरस्कार व व्यक्तिगत पुरस्कार कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं को प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2024-25 के तहत सर्वश्रेष्ठ जिला, पंचायत समित, ग्राम पंचायत, सरकारी चिकित्सालय, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध अस्पताल, निजी चिकित्सा महाविद्यालय/निजी चिकित्सालय व गैर सरकारी संगठन, आशान्वित ब्लॉक व व्यक्तियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर मॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही थीम पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। एडीशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि सीकर जिले के पिपराली पंचायत समिति, जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ, सीएचसी टोडा, पीएचसी राजपुरा, ग्राम पंचायत वैध की ढाणी, श्यामगढ़, गोडिया बड़ा, गुरारा, दिसनाउ, कुमास जागीर, धोलासरी, हर्ष, मूण्डरू, मावण्डा कलां, सांवलपुरा तवरान, डाबला को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

# माकपा देशभर में बनाएगी पार्टी को मजबूत

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** माकपा पार्टी के राज्य सचिव कामरेड किशन पारीक ने पार्टी के 24 में राष्ट्रीय महा अधिवेशन में तय किया है कि हमें देश भर में पार्टी की स्वतंत्र ताकत को बढ़ाना है। पार्टी की स्वतंत्र ताकत बढ़ाकर ही हम देश में सांप्रदायिक शक्तियों को कमजोर कर सकते हैं। तमिलनाडु की मदुरै शहर में संपन्न पार्टी के 24 वे राष्ट्रीय महाधिवेशन में तय किया है कि हमें हमारी पार्टी के सदस्यों की गुणवत्ता को बढ़ाना है और पार्टी इकाइयों को मजबूत करना है। जनता के जव्लंत मुद्दों पर जन आंदोलन का निर्माण कर संघर्षों के जरिए पार्टी को मजबूत करना ही हमारा एक मात्र धैय है। जैन भवन धोद में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रवक्ता राम रतन बगड़िया ने यह जानकारी दी। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक और माकपा जिला सचिव कामरेड पेमाराम ने कहा कि स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक मीटर मोदी सरकार जनता को कंगाल कर कंपनियों को मालामाल करने के लिए लेकर आई है। अगर स्मार्ट मीटर सब जगह लग गए उसी दिन बिजली गरीब के लिए दूर की कोढी हो जाएगी। धोद के जैन भवन में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के धौद, नेतड्वास, कासली, नागवा, भुवांला, बौसाना, टाटनवा, लाडवा, अनोखू, पैवा आदि गांवो के पार्टी सदस्य इस सभा में सम्मिलित हुए। सभा की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक विकास अधिकारी नानग राम सेवदा व गफ्फुर खत्री ने की।

# 20 दिवसीय इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सोभासरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, सीकर में बी टेक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 20 दिवसीय इन-हाउस इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी, व्यवहारिक और व्यवसायिक कौशल देकर सशक्त बनाना है, ताकि वे भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप प्रिंसिपल डॉ. एल. सोलंकी, ग्रुप रजिस्ट्रार प्रदीप शर्मा, प्रिंसिपल, सोभासरिया कॉलेज डॉ. हर्षिता गर्ग, वाइस प्रिंसिपल, सोभासरिया स्कूल ऑफ लॉ डॉ. रुचि शर्मा और डीन, स्किल्स एंड ब्रांड डवलपमेंट डॉ. राजेश गौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक संजीव अग्रवाल ने बताया कि इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को वेब




डिवेलपमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, स्पोकन इंग्लिश, इलेक्ट्रिकल अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरिंग, सिविल इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांत और उपभोक्ता अदालत और उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह सभी प्रशिक्षण सत्र विद्यार्थियों की व्यावहारिक समझ को विकसित करने तथा उन्हें जॉब-रेडी बनाने की दिशा में केंद्रित होंगे। इस अवसर पर ग्रुप प्रिंसिपल डॉ. एल. सोलंकी ने कहा कि यह इंटर्नशिप छात्रों को न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान करेगी, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास और रोजगार क्षमता में भी वृद्धि करेगी। डॉ. राजेश गौड़ ने स्किल डवलपमेंट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को व्यवहारिक अनुभव देगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मास्टर ट्रेनर संजय शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण का मकसद सिर्फ ज्ञान देना नहीं, बल्कि छात्रों को सीखने और अपने स्किल्स को विकसित करने की प्रेरणा देना है।समारोह के अंत में डॉ. संजय शर्मा की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, आयोजकों, प्रशिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम केवल संस्थान की उपलब्धि नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उठाया गया एक सशक्त कदम हैं। ग्रुप प्रबंधन ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने करियर को नई दिशा दें।

# *यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के जन्मदिन पर जगह-जगह पौधरोपण*

## अस्पताल में मरीजों को किए फल वितरित



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के जन्मदिन पर मंगलवार को अजीतगढ़ ब्लॉक के विभिन्न गांवो में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए और जगह-जगह पौधरोपण किया गया। कस्बे में मंगलवार को पहले तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपजिला अस्पताल में मरीजो को फल वितरित किए। उसके बाद अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पांच पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए गए पेड़ पौधों की सार संभाल करने के लिए शपथ ली और कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर इन पेड़ों को पालने की शपथ ली। इस अवसर पर पूर्व सरपंच जगदीश चौधरी, भाजपा के युवा नेता सीए नीतिन जोशी, अजीतगढ़ दिवराला भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगोपाल मंगावा, वरिष्ठ पार्षद मक्खनलाल स्वामी, विमल जोशी, विष्णु शर्मा, अजीतगढ़ नगर पालिका के वाइस चेयरमैन मनोज खंडेलवाल, अजीतगढ़ भाजपा अनुसूचित जन जाति के मंडल अध्यक्ष गोपाल मीणा, अजीतगढ़ दिवराला भाजपा मंडल जितेंद्र जांगिड़, जीएल टेलर, जेपी जाट, सुरेंद्र मीणा, धर्मेंद्र चौधरी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दिवराला गांव के जोहड़े में स्थित श्मशान घाट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील दिवराला के नेतृत्व में पांच बड के पौधे लगाकर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सुनिकेत शर्मा, अक्षय शर्मा, आशीष शर्मा, किशन सिंह, गंगाराम सैनी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चीपलाटा टोडा भाजपा के मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि मंत्री के जन्मदिन पर बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवलपुरा तवरान के विद्यार्थियों को फल वितरित कर पौधरोपण किया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छाता वितरण कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सूर्यउदय संगठन, जयपुर शहर के हरिपुरा सेक्टर में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छतरियों के वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सिविल लाईन्स विधायक गोपाल शर्मा रहे। इस मौके पर विधायक शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छाता वितरण कार्यक्रम, संभवतः गर्मी या बारिश के मौसम में उनकी सुविधा के लिए आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को धूप या बारिश से बचाने के लिए छाता प्रदान करने का एक प्रयास है, ताकि वे अपने काम को बिना किसी परेशानी के जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि गर्मी बहुत तेज़ होती है। छाता वितरण कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्मी से बचाने में मदद करेगा, जिससे वे स्वस्थ रह सकें और अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकें। साथ ही बारिश के मौसम में भी छाता एक महत्वपूर्ण वस्तु है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बारिश से बचाने के लिए छाता वितरण कार्यक्रम आयोजित अच्छा प्रयास है। ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपने काम पर जा सकें। उन्होंने कहा कि जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गर्मी या बारिश से परेशान नहीं होंगे, तो वे अधिक कुशलता से काम कर पाएंगे। इससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मान और प्रोत्साहन देने का एक तरीका है। यह दर्शाता है कि उनके काम को महत्व दिया जाता है और उनकी सराहना की जाती है। यह कार्यक्रम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक उपयोगी और सराहनीय पहल है। यह न केवल उन्हें गर्मी और बारिश से बचाने में मदद करेगा, बल्कि उनके काम को भी आसान बनाएगा। उल्लेखनीय है कि क्ले क्राफ्ट के सहयोग से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। विधायक सिविल लाइंस गोपाल शर्मा के अलावा सूर्या उदय संस्थान की चीफ शोभल सिंह, मानसी, तरुणेंद्र विक्रम सिंह, नरेंद्र शर्मा, उषा अग्रवाल और सभी सिविल लाइंस क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



## 5 दिवसीय शिविर में नौ जिलों के स्काउट गाइड दिया जाएगा प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के तत्वाधान में नवोदय विद्यालय समिति जयपुर रीजन का तृतीय सोपान प्रशिक्षण व जांच शिविर आयोजन 8 जुलाई से 12 जुलाई तक नवोदय विद्यालय में किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर स्काउट अशोक कुमार पारीक व प्राचार्य हरिश चंद्र मीणा ने ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पारीक ने कहा कि स्काउट गाइड एक अनुशासित व विश्व स्तरीय संगठन है। प्राचार्य मीना ने कहा कि स्काउट गाइड समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया की शिविर में राजस्थान व हरियाणा राज्य के नौ जिलों के स्काउट गाइड प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षक राजेश कुमार पारीक, सुरेश चंद्र घोटड़, रतनलाल घींटाला, देवेश जोशी, मुराद सिंह, भंवर सिंह नागौरी आदि दक्ष प्रशिक्षकों की ओर से विभिन्न विषयों का जैसे प्रवेश पाठ्यक्रम, ध्वज शिष्टाचार, राष्ट्रगान, प्रार्थना आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्थानीय स्काउट मास्टर राजेश कुमार पारीक ने स्काउट गाइड को शिविर की स्थानीय व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की।

# *पाटमदेसर राजलवाड़ा मार्ग पर बड़ा खतरा, 5 दिन से सड़क पर लटक रहा 765 केवी भाखड़ा लाइन का तार*



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील में बीकानेर से निमराणा झुंझूनूं जाने वाली 765 केवी भाखड़ा बिजली लाइन का तार पिछले 5 दिनों से पाटमदेसर व राजलवाड़ा मार्ग पर निचे जमीन पर गिरा हुआ है। इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। गांव पाटमदेसर निवासी महेंद्र डूडी ने बताया कि हाईटेंशन लाइन के तार गिरने की सूचना बिजली विभाग को कई बार दी जा चुकी है। लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय निवासी मेघराज मंडा, भागीरथ मंडा, जैसाराम, शिवराज धूधवाल और सतवीर सहित कई ग्रामीणों ने मौके पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। बिजली विभाग के अधिकारी रमेश कुमार ने कहा कि उन्हें इस समस्या की जानकारी मिली है। उन्होंने लाइन को बंद कर दिया है। जल्द ही तारों की मरम्मत करवाई जाएगी। तब तक राहगीरों को सावधान रहने की सलाह दी गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही तार नहीं हटाया गया तो आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि कोई बड़ी दुर्घटना होने से पहले इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए।

# बीएलओ प्रशिक्षण शिविर में निर्वाचन संबंधित जानकारी दी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पंचायत समिति सभागार हॉल में एक दिवसीय बीएलओ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निर्वाचन संबंधित अनेक जानकारियां देकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्य निर्वाचन विभाग जयपुर व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सरदारशहर के बीएलओ भाग संख्या 51 से लेकर 100 तक प्रशिक्षण समिति आयोजित किया गया। जिसमें सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नायब तहसीलदार प्रहलाद राय पारीक की ओर से बीएलओ ने मतदाता पंजीकरण के संवैधानिक प्रावधान, बूथ लेवल अधिकारियों के कर्तव्य, जिम्मेदारियों, टेलीफोन प्रोटोकॉल, वोटर हेल्पलाइन एप्प, बीएलओ एप्प आदि की विस्तृत जानकारियां देकर मुख्य निर्वाचन विभाग जयपुर के



आदेश की पालना को लेकर निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर धीरज शेखावत, नटराज दीक्षित, बलराम स्वामी ने प्रशिक्षण देकर निर्वाचन विभाग के आदेशानुसार अनेक निर्वाचन संबंधी गतिविधियों से अधिकारियों को अवगत करवा कर निर्वाचन संबंधी पालन को लेकर निर्देशित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रतनलाल मीणा, विकास अधिकारी महेंद्र कुमार, सीबीईओ अशोक पारीक सहित निर्वाचन विभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।